देश की आवाज

हमारा स्वराज

भोपाल, इंदौर, उज्जैन से प्रकाशित

www.hamaraswaraj.com twitter.com/hamaraswaraj facebook.com/hamaraswaraj | इंदौर, बुधवार, 14 मई 2025 | वर्ष: 10 | अंक: 122 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 2 रुपए

वीर जवानों के बीच पहुंचे मोदी

पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां आतंकी चैन से रह सकें; घर में घुसकर मारेंगे

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद जवानों को 28 मिनट संबोधित भी किया।

मोदी ने कहा, 'भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा- विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी।' पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने सिर्फ अपनी सैन्य कार्रवाई को स्थगित किया है। अगर पाकिस्तान ने फिर से आतंकी गतिविधि या सैन्य दुस्साहस दिखाया तो हम उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे। यह जवाब अपनी शर्तों पर, अपने तरीके से होगा। इस निर्णय की आधारशिला, इसके पीछे छिपा विश्वास, आपका धैर्य, शौर्य, साहस और सजगता है। आपका हौसला, ये जुनून, ये जज्बा ऐसे ही बरकरार रखना है। हमें लगातार मुस्तैद रहना है। हमें तैयार रहना है।

ये नया भारत है...

हमें दुश्मन को याद दिलाते रहना है कि ये नया भारत है, ये शांति चाहता है, लेकिन मानवता पर हमला होता है तो भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी अच्छी तरह जानता है। आज हमारे पास नई टेक्नोलॉजी का सामर्थ्य है, जिसका पाकिस्तान सामना नहीं कर सकता है। एयरफोर्स सहित सभी सेनाओं के पास दुनिया की श्रेष्ठ तकनीक पहुंची है, नई टेक्नोलॉजी के साथ चुनौतियां भी उतनी बड़ी होती हैं।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, ट्रम्प के दावे सही नहीं

ट्रेड धमकी पर नहीं किया सीजफायर कश्मीर पर मध्यस्थता भी मंजूर नहीं

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम को लेकर विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर पर हमें मध्यस्थता मंजूर नहीं है। पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। उन्होंने ट्रंप के दावे को नकारते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने की सहमति तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारा लंबे समय से राष्ट्रीय रुख रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से हल करना होगा। इस नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लंबित मामला पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है। उन्होंने कहा कि जैसा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पहले ही बताया है कि 10 मई को 15:35 बजे दोनों देशों के डीजीएमओ को फोन पर संघर्ष विराम को लेकर वार्ता हुई। इस वार्ता को लेकर विदेश मंत्रालय को 12.37 बजे पाकिस्तान उच्चायोग के जरिये सूचित किया गया। पाकिस्तान की आंतरिक तकनीकी दिक्कतों के चलते हॉटलाइन कनेक्ट होने में देरी हुई। भारत के डीजीएमओ की मौजूदगी के बाद दोपहर 3.35 बजे वार्ता हुई।

पहलगाम हमला करने वाले टीआरएफ पर लगवाएंगे प्रतिबंध

विदेश सचिव ने अपने बयान में भी स्पष्ट किया है कि हमें किस तरह के सबूत मिले हैं और इस विशेष मामले में जांच चल रही है। आपने देखा होगा कि टीआरएफ ने जिम्मेदारी ली थी और दूसरे दिन दो बार उन्होंने जिम्मेदारी ली थी। उसके बाद संभवतः उनके संचालकों के कहने पर उन्होंने इसे वापस ले लिया। लेकिन टीआरएफ एक ऐसा संगठन है जो लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा है। टीआरएफ को सूचीबद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं।

भारत ने दोहराया हम परमाणु ब्लैकमेल के आगे झुकेंगे नहीं

परमाणु युद्ध की अटकलों पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमारी ओर से सैन्य कार्रवाई पूरी तरह से पारंपरिक क्षेत्र में थी। कुछ रिपोर्ट्स थीं कि पाकिस्तान नेशनल कमांड अथॉरिटी 10 मई को बैठक करेगी, लेकिन बाद में उन्होंने इसका खंडन किया। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने खुद ही परमाणु एंगल से इनकार किया है। जैसा कि आप जानते हैं, भारत का दृढ़ रुख है कि वह परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा या इसका हवाला देकर सीमा पार आतंकवाद को संचालित करने की अनुमति नहीं देगा। विभिन्न देशों के साथ बातचीत में, हमने यह भी चेतावनी दी है कि उनके ऐसे परिदृश्यों को स्वीकार करने से उन्हें अपने क्षेत्र में नुकसान हो सकता है।

पाक के दावे पर

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार के बयान को लेकर जायसवाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान ने आतंकी केंद्रों को नष्ट होते देखा है। हमने उसकी सैन्य क्षमताओं को काफी हद तक कम कर दिया। अगर पाकिस्तानी विदेश मंत्री इसे उपलब्धियों के रूप में पेश करना चाहते हैं, तो उनका स्वागत है।

पाक को दिखाया आइनाः जीत का दावा करना उनकी पुरानी आदत

10 मई की सुबह पाकिस्तान की स्थिति बदल गई जब उसके एयरबेसों को प्रभावी रूप से कार्रवाई से बाहर कर दिया गया। आपको बस यह देखना है कि गोलीबारी बंद करने की शर्तों पर बातचीत करने के लिए किसने किससे बात की। आप सभी जानते हैं कि सेटेलाइट इमेज उपलब्ध हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप उन स्थलों को देखें जिनके बारे में पाकिस्तान दावा करता है कि उसने भारत में हमला किया है। इसकी तुलना उन स्थलों और स्थानों से करें जिन्हें हमने सफलतापूर्वक निशाना बनाया और नष्ट कर दिया। इससे आपको स्पष्ट उत्तर मिल जाएगा। जीत का दावा करना एक पुरानी आदत है। उन्होंने 1971, 1975 और 1999 के कारगिल युद्ध में भी ऐसा ही किया था। ढोल बजाने का पाकिस्तान का पुराना रवैया है।

तब गोविंद सिंह नाम कहाऊं

पीएम ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर कोई सामान्य सैन्य अभियान नहीं, ये भारत की नीति-नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। भारत बुद्ध की भी धरती है और गुरु गोविंद की भी धरती है। गुरु गोविंद सिंह जी ने कहा था कि

सवा लाख से एक लड़ाऊं,
चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं,
तब गोविंद सिंह नाम कहाऊं।
जब हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर छीना गया तो हमने आतंकवादियों के फन को उनके घर में घुसकर कुचल दिया। वो कायरों की तरह छिपकर आए, लेकिन भूल गए कि जिन्हें ललकारा है, वो हिंद की सेना है। आपने उन्हें सामने से हमलाकर मारा, आपने आतंक के तमाम बड़े अड्डों को मिट्टी में मिला दिया। 9 आतंकी ठिकाने बर्बाद हुए, 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई। आतंक के आकाओं को समझ में आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का एक ही अंजाम होगा- तबाही।

मध्यप्रदेश में बनेंगे हाथी मित्र दल, केबिनेट की मंजूरी

हमारा स्वराज। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में मानव-हाथी द्वंद को कम करने और जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 और वर्ष 2026-27 अर्थात आगामी 2 वर्षों सहित कुल 4 वर्षों (वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक) के लिए राशि 47 करोड़ 11 लाख 69 हजार रुपये की योजना

क्रमांक 9854 की सैद्धातिंक स्वीकृति दी गयी है। योजना अंतर्गत हाथियों की सुरक्षा एवं अनुश्रवण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में कुल राशि रूपये एक करोड़ 52 लाख 54 हजार रूपये व्यय की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना में राशि 20 करोड़ रूपये और वर्ष 2026-27 में 25 करोड़ 59 लाख 15 हजार का प्रावधान किया। इस तरह आगामी 2 वर्षों सहित कुल 4 वर्षों (वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक) के लिए योजना का आकार राशि 47 करोड़ 11 लाख 69 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। प्रदेश के ऐसे संरक्षित क्षेत्र जहाँ हाथियों का आवागमन या उपस्थिति है उनमें एवं संरक्षित क्षेत्रों के बाहर जंगली हाथियों की सुरक्षा एवं अनुश्रवण, रहवास प्रबंधन तथा विकास के लिए योजना बनाई गयी है। जंगली हाथियों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम, वन्यजीव मानव द्वंद को रोकने विभिन्न संरचनाएं बनाई जाएंगी।

ट्रम्प ने की सऊदी प्रिंस सलमान की तारीफ

नई दिल्ली। सऊदी अरब के दौरे पर पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की तारीफ की है। ट्रम्प ने क्राउन प्रिंस को लेकर कहा- मुझे सच में लगता है कि हम एक-दूसरे को बहुत पसंद करते हैं। ट्रम्प ने कहा कि वह मोहम्मद बिन सलमान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। सलमान अपनी उम्र से कहीं ज्यादा होशियार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उनके दौरे से पहले देश में बहुत सारे चेक और 20 लाख नौकरियों की चर्चा हो रही थी।

CBSE 12वीं बोर्ड के नतीजे

88.39 फीसदी स्टूडेंट पास लड़कियों ने फिर मारी बाजी

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने 2025 के लिए कक्षा 12 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। 17,04,367 पंजीकृत छात्रों में से 16,92,794 परीक्षा में शामिल हुए और 14,96,307 उत्तीर्ण हुए, जिससे कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 88.39% रहा। यह पिछले साल के 87.98% उत्तीर्ण प्रतिशत की तुलना में 0.41 प्रतिशत अंकों की वृद्धि दर्शाता है। लड़कियों ने 91.64 प्रतिशत अंक प्राप्त करके लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 85.70 प्रतिशत है। ट्रांसजेंडर्स का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 प्रतिशत है। 2025 में सीबीएसई कक्षा 12 की परीक्षा के लिए स्कूलों और परीक्षा केंद्रों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में बढ़

गई है। स्कूलों की संख्या 2024 में 18,417 से बढ़कर 2025 में 19,299 हो गई, जबकि परीक्षा केंद्र 7,126 से बढ़कर 7,330 हो गए। क्षेत्रीय स्तर पर, विजयवाड़ा 99.60% के प्रभावशाली उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ सबसे आगे रहा, उसके बाद त्रिवेंद्रम 99.32% और चेन्नई 98.47% के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

ओवैसी ने शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख मुनीर को दी चुनौती

नई दिल्ली। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और देश के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर पर भारतीय वायुसेना (आईएएफ) द्वारा पाकिस्तान वायुसेना (पीएएफ) के रहीम यार खान एयरबेस पर किए गए हमले के बाद कड़ा प्रहार किया।

10 मई की सुबह किए गए ऑपरेशन के दौरान आठ एयरबेसों में से एक एयरबेस पर हमला किया गया था। ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'क्या शरीफ और मुनीर अपने लीज पर लिए गए चीनी विमान को रहीम यार खान एयरबेस पर उतार पाएंगे?' रहीम यार खान, PAF की सेंट्रल कमांड के लिए एक अग्रिम संचालन बेस के रूप में कार्य करता है।

"हम हर हालत में पाकिस्तान के साथ हैं" : चीन

यह सिर्फ एक बयान नहीं, चेतावनी है... चिंतन करें और तय करें।

आपका समर्थन भारत के साथ है या सस्ते चायनीज प्रोडक्ट्स के पीछे छुपे स्वार्थ के साथ?

हमारी सेना सीमा पर जान की बाज़ी लगा रही है, और हम, सिर्फ सस्ते सामान के लिए उस देश की जेब भर रहे हैं, जो हमारे दुश्मनों का साथ दे रहा है?

जहां तक संभव हो, चायनीज वस्तुओं का उपयोग टालें।
लोकल खरीदें, अपने देश को मज़बूत बनाएं।

सेना हमारी रक्षा के लिए बंदूक थामे है
हम जिम्मेदारी थामें. .

दैनिक समाचार पत्र
हमारा स्वराज
भोपाल, इंदौर, उज्जैन से प्रकाशित

www.hamaraswaraj.in
facebook.com/hamaraswaraj
hamara.swaraj@gmail.com
+91 8357089000 | 9644567000

इंदौर में 20 मई को होने वाली कैबिनेट बैठक में कई सौगातें भी मिलने जा रही

कम्पेल की अहिल्या कचहरी भी होगी राज्य स्माकर घोषित, राजवाड़ा में भी 13 करोड़ की लागत से होंगे काम, लालबाग के उद्यान का होगा भूमिपूजन

हमारा स्वराज। इंदौर

इंदौर में 20 मई को होने वाली कैबिनेट बैठक में कई सौगातें भी मिलने जा रही है। लालबाग पैलेस के बगीचे को संवारा जाएगा। इसके अलावा पैलेस के अन्य काम भी होंगे। वहीं राजवाड़ा में भी 13 करोड़ रुपये की लागत से काम किए जाएंगे। दोनों कार्यों का भूमिपूजन मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में होग। इसके अलावा इंदौर के समीप ग्राम कंपेल में अहिल्या कचहरी को भी राज्य स्मारक का दर्जा दिया जाएगा।

होलकर राज में कंपेल महत्वपूर्ण परगना था। देवी अहिल्या बाई भी पहले इंदौर से ज्यादा कंपेल को महत्व देती थीं। होलकरकाल के समय के मंदिर और शिवालय भी कंपेल में मौजूद हैं।

लालबाग में बनेगा ओपन थिएटर

लालबाग पैलेस में ओपन थिएटर बनाया जाएगा। इसके अलावा सायकल और वॉकिंग ट्रैक बनेगा। पश्चिमी क्षेत्र के कई लोग सुबह सैर के लिए लालबाग पैलेस के उद्यान में आते हैं। पैलेस में लाइट एंड साउंड शो भी होगा, ताकि पर्यटक शाम को भी लालबाग पैलेस की सुंदरता को निहार सकें। पैलेस के भीतर पांच करोड़ रुपये की लागत से काम जारी है। कई फिल्मों की शूटिंग भी पैलेस में हो चुकी है।

राजवाड़ा में होगी कैबिनेट बैठक मालवी झलक नजर आएगी

इंदौर के राजवाड़ा में होने वाली मोहन सरकार की बैठक में मालवी झलक नजर आएगी। मंत्रियों को मालवी व्यंजन परोसे जाएंगे, जबकि राजवाड़ा की सजावट भी मालवी थीम पर होगी। राजवाड़ा में सिर्फ मंत्रियों और अफसरों को ही प्रवेश मिलेगा। बैठक के लिए राजवाड़ा परिसर में सफाई व्यवस्था की गई है। गणेश हॉल में डोम भी बनाया जाएगा। कैबिनेट बैठक के दौरान मुख्यमंत्री देवी अहिल्या के नाम पर कोई बड़ी घोषणा भी कर सकते हैं।

इंदौर पुलिस की नई एडवायजरी

किराएदार से लेकर डिलीवरी बॉय तक की थाने पर देना अनिवार्य

हमारा स्वराज। इंदौर

इंदौर के लिए पुलिस की नई एडवायजरी जारी की है। भारत पाकिस्तान के बीच हुए तनाव के बाद यह एडवायजरी जारी की गई है। किराएदार, होस्टल में रहने वाले छात्र, होम डिलिवरी करने वाले, मजदूर, कंपनियों के कर्मचारी, मजदूर और पर्यटकों के लिए इसमें सख्त निर्देश हैं। इस संबंध में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार किराएदारों की सूचना मकान या दुकान मालिक के द्वारा संबंधित थाने पर विहित प्रारूप में देना होगी। कहा गया है कि इसके पूर्व मकान या दुकान किराए से नहीं दी जा सकती। साथ ही आईडीप्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाए। घरेलू कामगारों एवं व्यावसायिक कर्मचारियों की सूचना भी संबंधित मालिक द्वारा थाने पर विहित प्रारूप में देना होगी। उनसे भी आईडीप्रूफ आवश्यक रूप से लेना होगा। छात्रावासों में रह रहे छात्र एवं छात्राओं की सूचना विहित प्रारूप में संबंधित थाने को दी जाना होगी। साथ ही आईडीप्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाना होगा। होटल, लॉज, धर्मशाला में रुकने वाले व्यक्तियों से पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लेना होगा। ठहरने वाले व्यक्तियों की सूची विहित प्रारूप में प्रतिदिन थाने पर देना होगी।

आईडी प्रूफ देना अनिर्वाय कर दिया गया है

इसी तरह आदेश में कहा गया है कि भवन निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों/कारीगरों की सूचना ठेकेदार द्वारा विहित प्रारूप में थाने पर देने के उपरांत ही उन्हें काम पर रखा जाए। साथ ही आईडी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाए, इसके अतिरिक्त पुलिस द्वारा अतिथि पोर्टल प्रारम्भ किया गया है, इस पोर्टल पर भी रुकने वालों की जानकारी अवश्य दर्ज की जाए। पेइंग गेस्ट की सूचना संबंधित मकान मालिक द्वारा विहित प्रारूप में थाने पर दी जाए। इसके उपरांत ही पेइंग गेस्ट रखा जाएं। साथ ही आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाए। ऐसे व्यक्तियों की सूचना जो 15 दिवस से अधिक समय तक निवास कर रहे हों, तत्काल थाने पर विहित प्रारूप में दी जाए। साथ ही आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाए। ऑनलाईन शॉपिंग/ होम डिलेवरी/ कोरियर का कार्य करने वाली कंपनियों के व्यक्ति जो घर-घर जाकर पार्सल वितरित करते हैं, उनकी जानकारी विहित प्रारूप में थाने पर दी जाए, साथ ही उनसे आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाए। स्पा सेंटर, मसाज सेंटर, ब्यूटी पार्लर पर कार्य करने वाले व्यक्तियों की जानकारी विहित प्रारूप में थाने पर दी जाए, साथ ही आई.डी. प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाए।

प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी के लिए नियुक्त किए गए गार्ड अथवा अपने स्तर पर नियुक्त किए गए गार्ड की जानकारी विहित प्रारूप में थाने पर दी जाए, साथ ही आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाए। होटल, लॉज, धर्मशाला आदि में रुकने वाले व्यक्तियों एवं किराए से मकान लेने वाले व्यक्तियों के संबंध में आई.सी. जे.एस. साफ्टवेयर तथा मोबाईल फेस फोरेनसिक ऐप से जानकारी सर्च की जाए।

विदेशी व्यक्तियों के संबंध में तत्काल सूचना एफ.आर.आर.ओ. शाखा को दी जाए। यह आदेश तत्काल प्रभावी होकर 4 जुलाई,2025 तक तक लागू रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन अन्य अधिनियमों के साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

वॉट्सऐप पर नकली नोट बेचने वाले सौदागरों पर कसा शिकंजा

पुलिस ने ग्राहक बनकर दो युवकों को 40 लाख की नकली करेंसी के साथ पकड़ा

हमारा स्वराज। इंदौर

पलासिया थाना क्षेत्र में वॉट्सऐप के माध्यम से नकली नोट बेचने का सौदा कर रहे दो युवकों को पुलिस ने सादी वर्दी में पकड़ लिया। आरोपियों के पास से करीब 40 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुए हैं, जिन्हें उन्होंने असली नोटों की गड्डियों में ऊपर-नीचे छिपा रखा था। पुलिस को शक है कि यह एक बड़े गिरोह से जुड़ा मामला हो सकता है।

डीसीपी हंसराज सिंह जैन की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ युवक वॉट्सऐप के माध्यम से नकली नोटों का सौदा कर रहे हैं। इस पर एक विशेष टीम बनाई गई और पुलिस ने खुद को ग्राहक बनाकर वॉट्सऐप पर ही इनसे संपर्क किया। बातचीत के बाद सौदा तय हुआ और दोनों युवकों को पलासिया इलाके में बुलाया गया।

सौदे के मुताबिक, महाराष्ट्र के जलगांव निवासी प्रथमेश येवलेकर और बड़वाह के दीपक कौशल तय समय पर इलाके में पहुंचे। वे एक बैग में नकली नोट लेकर आए थे। पुलिस पहले से ही सादी वर्दी में मौके पर मौजूद थी। जैसे ही दोनों युवक पहुंचे, टीम ने उन्हें दबोच लिया।

तलाशी में उनके बैग से करीब 20 गड्डियों में छिपे नकली नोट मिले। आरोपी असली नोटों को ऊपर और नीचे रखकर नकली नोटों को बीच में छिपाकर लाए थे, ताकि पहली नजर में नोट असली लगें। पुलिस को नकली के साथ कुछ असली नोट भी मिले हैं। पुलिस का कहना है

कि नकली नोट इतने साफ प्रिंट में थे कि आम आदमी के लिए पहचानना मुश्किल होता। अब यह जांच की जा रही है कि आरोपी ये नकली नोट किससे लेकर आए और इनके पीछे कौन लोग हैं। फिलहाल दोनों युवकों से पूछताछ की जा रही है और पुलिस यह मान रही है कि इस रैकेट में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं।

क्राइम ब्रांच और साइबर सेल को भी इस मामले में जोड़ा गया है। अफसरों ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सकता है।

1 लाख के बदले 4 लाख देने की हुई थी बात

पुलिस के मुताबिक सोशल मीडिया पर जब दोनों से चैटिंग की गई तो उन्होंने 1 लाख के असली नोट के बदले 4 लाख देने की बात कही थी। जिसमें पुलिसकर्मियों ने सौदा पक्का कर लिया। शुरुआत में 4 लाख रुपए लेकर बुलाया। दोनों आरोपियों के पकड़ाने के बाद पुलिस उनके बताए ठिकाने पर पहुंची। यहां से पुलिस ने कुल 40 लाख के नकली नोट बरामद किए हैं।

चिल्ड्रन बैक के है नोट

एडीशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा ने बताया कि प्रथमेश और दीपक से जो नोट मिले है। वह बच्चो के खेलने के काम आते है। सब चिल्ड्रन बैक के नोट है। उसके उपर और नीचे व बीच में आरोपी असली नोट लगा देते थे। इसके बाद वह नोट सौपते समय एक गड्डी जो चिन्हीत की हुई रहती थी। उसे दिखा देते थे। इसके बाद क्राइम ब्रांच या पुलिस का डर दिखाकर नोट लेने वाले को तुरंत नोट वहां से लेकर रवाना कर देते थे। नोट लेने वाले को बाद में पता चलता था कि उनके साथ ठगी हुई है।

फेसबुक,वाट्सएप पर विज्ञापन

पुलिस अफसरों के मुताबिक आरोपियों ने फेसबुक और वाट्सएप पर इसका विज्ञापन करते थे। जिसमें फोन लगाने पर वह अपने ठिकाने बदल बदल कर नोट लेने वाले को मिलने बुलाते। बाद में भरोसा होने पर डिलेवरी करते थे। प्रथमेश इस तरह के काम कर चुका है। दीपक को उसी ने तैयार किया था। अभी पुलिस आरोपियों से ओर वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है।

उज्जैन में दिनदहाड़े बाइक चोरी

हमारा स्वराज। उज्जैन

उज्जैन के वल्लभ नगर इलाके में दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना सामने आई है। सीसीटीवी फुटेज में दो बदमाशों को बाइक का लॉक तोड़ते और उसे ले जाते हुए देखा गया। यह वारदात एक इंजीनियर संदीप सोलंकी के घर के बाहर हुई, जब वह ऑफिस

गए थे। घटना रविवार दोपहर करीब 2:40 बजे की है, जब बदमाशों ने पहले रेकी की और फिर कुछ ही मिनटों में बाइक को चोरी कर फरार हो गए। संदीप ने जब शाम को घर लौटकर बाइक गायब देखी, तो आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए, जिससे पता चला कि यही बदमाश पहले भी 2 और 4 मई को इसी इलाके से बाइक चोरी कर चुके हैं। बदमाशों के फोटो सोशल मीडिया पर डालते ही स्थानीय लोगों ने जानकारी दी कि वे पहले भी माधव नगर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात कर चुके हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

लिव-इन पार्टनर की हत्या के बाद महिला ने की आत्महत्या

हमारा स्वराज। इंदौर

विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित रामनगर में मंगलवार सुबह महिला ने फांसी लगा ली। मृतका की पहचान सोनिया उर्फ पुनिया बैरागी के रूप में हुई है। तीन दिन पहले ही उसके लिव-इन पार्टनर बाबू बैरागी की हत्या हो चुकी थी, जिसमें आरोपी उसका पूर्व पति राजू यादव है। बाबू की हत्या के बाद से ही सोनिया सदमे में थी और अपने मायके कोलकाता (हावड़ा) लौटने की तैयारी कर रही थी। लेकिन कोलकाता जाने से पहले वह एक बार अपने पहले पति राजू से मिलना चाहती थी, जो इस समय हत्या के आरोप में जेल में बंद है। राजू, सोनिया के बाबू के साथ रहने से नाराज था।

पानी पीने रुके तो निगम कर्मचारियों ने की अभद्रता

तरबूज बेचने आए भाजपा नेता से मारपीट

हमारा स्वराज। इंदौर

बीजेपी किसान मोर्चा के मंत्री विक्रम सिंह सिसोदिया से मारपीट का मामला सामने आया है। मंगलवार को वे अपने गांव से इंदौर तरबूज बेचने आए थे। ट्रैक्टर से वे 60 फीट रोड से गुजर रहे थे।

इस दौरान एक जगह पानी पीने के लिए ठहर गए। तभी नगर निगम के कर्मचारी पहुंच गए। बहस के दौरान कर्मचारियों ने उनसे और उनके बेटे से हाथापाई कर दी। यहीं नहीं विवाद की सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने भी उनसे मारपीट की है। सिसोदिया ने एरोड्रम पुलिस थाने में शिकायत की है। साथ ही केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी शिकायत भेजी है।

तौल कांटा छीन लिया तरबूज फेंक दिए

बीजेपी नेता विक्रम सिंह सिसोदिया ने बताया कि मैं भाजपा किसान मोर्चा में मंत्री हूं। इंदौर जनपद पंचायत में प्रतिनिधि भी हूं। मैं ट्रेक्टर से तरबूज लेकर ग्राम रोजडी से बेचने आया था। तभी पंचशील नगर चौराहे (चील चौराहा) पर नगर निगम वालों ने मेरा तराजू (इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा) छीन लिया। उन्होंने मेरे तरबूज भी फेंक दिए। पुलिस वालों के नाम अरविंद मचार, रघुवंशी और सुनील पटेल हैं। उनके साथ एक अन्य व्यक्ति भी था जिसका नाम मुझे नहीं पता है। मेरा निवेदन है कि पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर योग्य कार्यवाही कर मुझे न्याय दें। बीजेपी नेता विक्रम सिसोदिया ने पुलिस को लिखित आवेदन में आत्मदाह करने की धमकी भी दी है। विक्रम ने आवेदन में लिखा है कि कल 14 मई को दोपहर 11 बजे तक कार्यवाही नहीं हुई तो परिवार के साथ एरोड्रम थाना परिसर में आत्महत्या कर लूंगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी।

कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर मंत्री शाह बोले-

पीएम मोदी ने उन्हीं की बहन को भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई

हमारा स्वराज। इंदौर

मंत्री विजय शाह ने मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर बयान

दे डाला। इसके कांग्रेस ने विरोध किया है और मंत्री को पद से हटाने की मांग कर डाली। मानपुर में आयोजित हलमा कार्यक्रम में मंत्री शाह ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा, जिन आंतकियों ने पहलगाम में लोगों को मारा, हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा। मंत्री शाह ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हीं की बहन को भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई।

बयान को लेकर जब राजनीति गरमा गई तो उन्होंने कहा कि हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले वालों को हमने उन्हीं की भाषा में जवाब दिया है। उनके भाषण को अलग संदर्भ में नहीं देखना चाहिए। वो हमारी बहनें हैं। उन्होंने पूरी ताकत से सेना के साथ मिलकर काम किया है। भारत द्वारा पाकिस्तान के आंतकी ठिकानों को तबाह करने के बाद हुए पत्रकार वार्ता में ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ कर्नल सोफिया ने की थी। कांग्रेस ने कहा कि मंत्री शाह के बयान ने साबित कर दिया कि भाजपा सरकार सेना को लेकर क्या सोच रखती है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा रहीं कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दिया है, उनसे मंत्री पद छिना जाना चाहिए।

मध्यप्रदेश के प्रमुख दैनिक समाचार पत्र
हमारा स्वराज
भोपाल, इंदौर, उज्जैन से प्रकाशित
से जुड़ने का सुनहरा अवसर

(पत्रकारिता के क्षेत्र में अनुभवी व्यक्तियों को प्राथमिकता)
मध्यप्रदेश के सभी जिलों में जिला ब्यूरो एवं तहसील संवाददाता बनने हेतु इच्छुक व्यक्ति
आज ही सम्पर्क करें
hamara.swaraj@gmail.com
+91 9644567000 | 9406600127 | 9617457594 | 9009911734

सीएम ने दिए निर्देश : नागरिकों की सुरक्षा के लिए वाहनों की फिटनेस की जांच अभियान शुरू

हमारा स्वराज। भोपाल

भोपाल में हुए दर्दनाक बस हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाहनों की फिटनेस और दस्तावेजों की जांच के लिए प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए 13 मई से विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा को निर्देशित किया है कि यह अभियान परिवहन विभाग के साथ मिलकर संयुक्त रूप से चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जिन वाहन मालिकों और चालकों के पास आवश्यक कागजात, जैसे फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा, पंजीयन और परमिट नहीं हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

राजधानी भोपाल के बाणगंगा चौराहे पर सोमवार को एक निजी स्कूल बस के ब्रेक फेल हो जाने से बड़ा हादसा हो गया था। बस ने कई दोपहिया वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया,

जिससे 22 वर्षीय युवती की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। जांच में सामने आया कि जिस बस से यह हादसा हुआ, उसका फिटनेस प्रमाण-पत्र, बीमा और रजिस्ट्रेशन समाप्त हो चुका था, बावजूद इसके वह सड़कों पर दौड़ रही थी। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (RTO) जितेंद्र शर्मा को निलंबित कर दिया है। उन्हें मुख्यालय, आयुक्त भोपाल संभाग में अटैच किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए यह अभियान बेहद आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना वैध दस्तावेजों वाले वाहन सड़कों पर न चलें। यह अभियान राज्य भर में लागू होगा और इसमें सभी जिलों के परिवहन और पुलिस विभाग की टीमें मिलकर कार्रवाई करेंगी।

इंदौर में रीजनल ग्रोथ कॉन्क्लेव 16 मई को

मुख्यमंत्री आज बेंगलुरु में एमपी रोड शो में निवेशकों से करेंगे चर्चा

हमारा स्वराज। भोपाल

मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश को नई ऊंचाई देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 मई को बेंगलुरु में सीइन्वेस्ट इन एमपीसी सत्र में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बीईएमएल (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड) परिसर का भ्रमण करेंगे, साथ ही 2100वें मेट्रो कोच के लोकार्पण समारोह में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज़ इन मध्यप्रदेश' विषय पर आयोजित इन्टरैक्टिव सेशन को संबोधित कर राज्य की औद्योगिक क्षमताओं और नीतिगत प्रतिबद्धताओं को देश के अग्रणी निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 16 मई को इंदौर में रीनजल ग्रोथ कॉन्क्लेव का भी आयोजन होगा। इसमें टेक्सटाइल एक्सपो होगा।

बेंगलुरु में 'इन्वेस्ट इन एमपी' सत्र में होगा राज्य की औद्योगिक ताकत का प्रदर्शन

'द लीला पैलेस' में आयोजित इन्टरैक्टिव सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रमुख उद्योग समूहों, निवेशकों और टेक्नोलॉजी कंपनियों से संवाद करेंगे। इस सत्र में मध्यप्रदेश की औद्योगिक नीतियों, अधोसंरचना और क्षेत्रवार निवेश अवसरों पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग संजय दुबे तथा प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिव शेखर शुक्ला शामिल मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर निवेशकों जानकारी देंगे ।

निवेशकों के साथ होंगे वन-टू-वन मीटिंग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकों के माध्यम से सीधे संवाद करेंगे। इन संवादों में आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, ऑटोमोबाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी सेक्टर के प्रमुख निवेशक शामिल होंगे।

मध्यप्रदेश बन रहा है 'मेक इन इंडिया' का भरोसेमंद प्लेटफॉर्म

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश लगातार एक मजबूत औद्योगिक आधार तैयार कर रहा है। देश के बड़े औद्योगिक समूहों के साथ संवाद की यह श्रृंखला राज्य को निवेश के नए क्षितिज की ओर ले जा रही है, जहां नीति, संसाधन और नेतृत्व तीनों ही स्तर पर उद्योगों को सुरक्षित और गतिशील मंच प्राप्त हो रहा है। भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (BEML) भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है, जो मेट्रो रेल कोच, रक्षा उपकरण, खनन एवं निर्माण मशीनरी के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बेंगलुरु स्थित इसका विनिर्माण परिसर आधुनिक इंजीनियरिंग और स्वदेशी तकनीक का प्रतिनिधित्व करता है, और यह आत्मनिर्भर भारत के विजन में महत्त्वपूर्ण भागीदार है।

बीईएमएल परिसर में रहेगा कार्यक्रमों का सिलसिला

मुख्यमंत्री बेंगलुरु पहुंचने के बाद बीईएमएल परिसर जाएंगे, जहां उनका स्वागत बीईएमएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक और बोर्ड के सदस्य करेंगे। बीईएमएल शॉप विज़िट के बाद मुख्यमंत्री मेट्रो कोच लोकार्पण और टेस्ट राइड में सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत वे इंटीग्रेटेड डिज़ाइन सेंटर का भ्रमण करेंगे और बीईएमएल के भोपाल संयंत्र पर प्रस्तुति देखेंगे। बीईएमएल द्वारा मध्यप्रदेश में स्थापित की जा रही इकाई के लिए ज़मीन आवंटन पत्र सौंपे जाने की औपचारिकता भी इस अवसर पर होगी।

महाराष्ट्र सरकार भी अहिल्या की जन्मस्थली पर करेगी कैबिनेट बैठक

मंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार के साथ हुए एमओयू के तहत आने वाले समय में दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए साझा कार्यक्रम किए जाएंगे। मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के सभी ज्योतिर्लिंग को जोड़ने के लिए एक सर्किट बनाया जाएगा। वीर पुरुषों के इतिहास को सहेजने के लिए डिजिटाइजेशन किया जाएगा। दोनों राज्यों के महापुरुषों पर आधारित नृत्य नाटिका और फिल्म निर्माण किए जाएंगे। महाराष्ट्र सरकार भी मप्र की तर्ज पर मां अहिल्या की जन्मस्थली, पुणे के पास स्थित गांव में कैबिनेट बैठक करेगी। साथ ही महेश्वर के साड़ी उद्योग को विकसित करने के लिए दोनों प्रदेश मिलकर प्रयास करेंगे। भगवान कृष्ण ने महाराष्ट्र में जहां लीला की उन स्थानों को भी डेवलअप किया जाएगा।

77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया

विजयवर्गीय ने बताया 5 मई तक प्रदेश के 3,475 उपार्जन केंद्रों पर 9 लाख किसानों से 77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया, जिसमें से 74.42 लाख मीट्रिक टन का भंडारण हो चुका है और किसानों को 18,471 करोड़ का भुगतान कर दिया गया है, शेष 400 करोड़ का भुगतान शीघ्र किया जाएगा।

इंदिरा गांधी की याद पर मंत्री विजयवर्गीय का कांग्रेस पर तंज

इतिहास के फैसले भी याद करें कांग्रेस

हमारा स्वराज। भोपाल

पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच सीजफायर होने पर कांग्रेस द्वारा एक बार फिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद किए जाने पर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति दुनिया में नहीं होता, तब उसके अच्छे कार्यों की प्रशंसा जरूर करनी चाहिए। लेकिन, उससे जुड़े विवादित फैसलों को भी भुलाया नहीं जा सकता। विजयवर्गीय ने कहा कि व्यक्ति जब नहीं रहता तो उसके अच्छे कार्यों की प्रशंसा करनी चाहिए, पर उसके द्वारा लिए गए कई फैसले भी हमें याद आते हैं। धारा 370 क्यों और किसने लगाई थी, ये भी याद रखना चाहिए।

मंत्री विजयवर्गीय ने इमरजेंसी, पीओके और कश्मीर के मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि अगर, उस समय युद्धविराम नहीं होता और पंडित जवाहरलाल नेहरू संयुक्त राष्ट्र (UN) में नहीं जाते तो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) कभी नहीं बनता। इमरजेंसी क्यों लगी, ये भी देश को याद है। कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस को सलाह देते हुए कहा कि अगर, हम इतिहास की चर्चा करने बैठे तो बातें बहुत दूर तक जाएंगी। कांग्रेस को बड़ी समझदारी से काम करना चाहिए। बता दें पाकिस्तान के साथ सीज फायर को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी याद आने की बात की है।

भारतीय शिक्षण मंडल मध्यभारत प्रांत का दो दिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग आयोजित

अपने `स्व' को पहचानकर ही राष्ट्र को आगे ले जा सकते हैं : यशवंत इंदापुरकर

हमारा स्वराज। ओरछा/भोपाल

हम ऐसे युग में हैं कि अपने 'स्व' को पहचानकर धीरे-धीरे समाज में सकारात्मक परिवर्तन कर अपने देश को आगे ले जा सकते हैं। इसके लिए आज मंथन करने की आवश्यकता है। शिक्षा और शास्त्र दोनों में समन्वयक जरूरी है। शिक्षा से ही विश्व की समस्याओं का समाधान होगा। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंदापुरकर ने कही। वे भारतीय शिक्षण मंडल मध्यभारत प्रांत के ओरछा में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय परिचय वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे।

सत्र में शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संयुक्त महामंत्री एवं वर्गाधिकारी पंकज नाफड़े भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षता कवि, साहित्यकार एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री रवींद्र शुक्ल ने की। समाजसेवी बाबूलाल जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इंदापुरकर ने कहा कि शिक्षा केवल सूचना नहीं बल्कि व्यक्ति निर्माण का माध्यम बनना चाहिए। भारतवर्ष पूरे विश्व में शिक्षा का केंद्र था। इतिहास में शिक्षा व्यवस्था को ही गंभीर चोट पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र, समाज के प्रति जागरूक बनाना ही शिक्षा है। अब भारत के ज्ञान को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है तभी भारत विश्वगुरु बनकर मार्गदर्शन कर सकेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रवींद्र शुक्ल ने कहा कि राष्ट्र को जगाने का दायित्व हमारे ऊपर है। शिक्षा व्यवस्था में विकृति आ जाने से देश को जिस दिशा में जाना चाहिए था वहां नहीं पहुंच पाया। विदेशियों ने अनुवाद और संकलन के नाम पर हमारे धर्मग्रंथों की गलत व्याख्याएं कराईं। उन्होंने कहा कि भारत के समाज का मेरुदंड आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना ही है। शिक्षक समाज का वह अवयव है जो अगर ठान लें तो समाज परिवर्तन हो सकता है।

प्रामाणिकता कार्यकर्ता की पहचान : पंकज नाफड़े

मा पन सत्र के मुख्य वक्ता भा रतीय शिक्षण मंडल के अखिल भा रतीय संयुक्त महामंत्री एवं इस वर्ग के वर्गाधिकारी पंकज नाफड़े ने कहा कि शुद्ध सात्विक प्रेम ही संगठन के कार्य का आधार है। प्रामाणिकता ही किसी भी कार्यकर्ता की पहचान है। इसी को ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ता की उपयोगिता को पहचानने की आवश्यकता है। कार्यकर्ता को शोधकर्ता एवं शोधकर्ता को कार्यकर्ता बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षण मंडल हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। इसके लिए संगठनात्मक अनुशासन आवश्यक है। कार्यकर्ताओं को अतिविश्वासी नहीं आत्मविश्वासी होना चाहिए। कार्यकर्ताओं में प्रतिबद्धता का गुण विकसित होने चाहिए।

6 सत्रों में विभिन्न विषयों पर चला मंथन

भारतीय शिक्षण मंडल के इस दो दिवसीय परिचय वर्ग में 6 सत्र आयोजित हुए। प्रथम दिवस परिचय सत्र एवं दूसरे दिन उद्घाटन सत्र, बौद्धिक सत्र, संगठनात्मक सत्र, प्रस्तुति सत्र, चर्चा सत्र एवं समापन सत्र में विभिन्न विषयों पर मंथन किया गया। सत्र में रवि द्विवेदी ने पंच परिवर्तन पर चर्चा की। वर्ग संचालक डॉ.0 शिव कुमार शर्मा, डॉ. परिमला त्यागी, प्रीति देवासकर, शुभम जैन, नवनीत पचौरी, पीयूष ताँबे की विशेष सहभागिता रही। वर्ग में मध्यभारत प्रांत के प्रांतीय एवं जिलों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मैरिज गार्डन में फटे 10 गैस सिलेंडर, कई घरों की दीवारें टूटीं

हमारा स्वराज। भोपाल

भोपाल के भानपुर क्षेत्र में स्थित सनराइज मैरिज गार्डन में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी देर रात एक-एक कर दस गैस सिलेंडर बम की तरह धमाकों के साथ फट गए। सिलेंडरों में धमाकों से मैरिज गार्डन में आग लग गई, जिससे कई फीट ऊंची लपटें दिखाई दे रही थीं। मैरिज गार्डन में सिलेंडर ब्लास्ट से आसपास के कई घरों की दीवारों में दरारें आ गई हैं। यह मैरिज गार्डन रिहायशी क्षेत्र में स्थित है। कॉलोनीवासियों ने मैरिज गार्डन में अवैध रूप से गैस सिलेंडर की रिफिलिंग किए जाने का आरोप लगाया है। यह भी सवाल उठाया गया है कि रिहायशी क्षेत्र में मैरिज गार्डन को मान्यता कैसे प्रदान की गई।

दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

सोमवार-मंगलवार की दरमियानी देर रात सिलेंडर में ब्लास्ट से आग लगने की सूचना के बाद नगर निगम की दमकलें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। जहां घटना हुई है, वह क्षेत्र वार्ड-74 के अंतर्गत आता है।

रेल संपत्ति चोरी के दो आरोपी और एक कबाड़ी गिरफ्तार

हमारा स्वराज। भोपाल

मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रशांत यादव के निर्देशन में रेल संपत्ति की सुरक्षा एवं चोरी रोकने हेतु चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत रेल सुरक्षा बल द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

आरपीएफ पोस्ट भोपाल की टीम उप निरीक्षक अवधेश कुमार, आरक्षक मनीष और आरक्षक कृष्ण कुमार द्वारा भोपाल यार्ड में गश्त के दौरान मंडल स्टोर के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को सफेद प्लास्टिक की बोरी में वजनी सामान ले जाते हुए पकड़ा गया। पूछताछ पर दोनों ने अपना नाम जाफर शाह एवं मोहित राजपूत बताया। बोरी की तलाशी लेने पर उनके पास से चार नग रेलवे के लोहे के पट्टे बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि उन्होंने लगभग 8-10 दिन पहले प्लेटफार्म नंबर 3 की नाली से लोहे की जाली और एक लोहे की पट्टी भी चुराई थी, जिसे उन्होंने हाउसिंग बोर्ड स्थित कबाड़ी सलमान उर्फ गब्बर को बेच दिया था।दोनों आरोपियों की निशानदेही पर कबाड़ी सलमान से पूछताछ की गई, जिसने चोरी का सामान खरीदने की बात स्वीकार की। उसकी दुकान से रेलवे जाली और टाईबार के टुकड़े बरामद किए गए।

मध्य प्रदेश में एक साथ कई एक्टिव सिस्टम

भोपाल में बारिश, 7 संभागों में बारिश-आंधी का अलर्ट

हमारा स्वराज। भोपाल

मध्य प्रदेश में एक साथ एक्टिव कई सिस्टम की वजह से मई महीने में लगातार आंधी-बारिश का दौर चल रहा है। भोपाल में 2 बजे के बाद करीब आधा घंटा हल्की बारिश हुई। अगले कुछ घंटे में बड़वानी, छिंदवाड़ा, सिवनी, धार, पांढुर्णा, अलीराजपुर, देवास, सीहोर, हरदा, बुरहानपुर, डिंडोरी, अनूपपुर और सागर में मौसम बदला रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर-उज्जैन समेत 7 संभाग के 38 जिलों में मौसम विभाग का अलर्ट है। रीवा, शहडोल और जबलपुर संभाग के जिलों में मौसम साफ रहेगा और तेज गर्मी पढ़ेगी।

मंगलवार को भोपाल, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, श्योपुर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, निवाड़ी, टीकमगढ़, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी और पांढुर्णा में

मौसम बदला रहेगा। यहां 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक की रफ्तार से आंधी चल सकती है।

16 मई तक बदला रहेगा प्रदेश का मौसम

मौसम विभाग के अनुसार, 16 मई तक प्रदेश में आंधी, बारिश का अलर्ट है। जिन जिलों में सिस्टम की एक्टिविटी नहीं रहेगी, वहां गर्मी बढ़ जाएगी। उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर-चंबल में आंधी-बारिश के साथ गर्मी का असर भी बना रहेगा। मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वर्तमान में कुछ सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में मौसम बदला है। 16 मई तक हल्की बारिश गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद गर्मी का असर बढ़ सकता है।

14 मईः भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, मुरैना, भिंड,दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल, सिवनी, मंडला, बालाघाट, अशोकनगर, गुना, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बुरहानपुर,, खंडवा, देवास, सीहोर, शाजापुर, आगर-मालवा, राजगढ़ में आंधी चलने के साथ बारिश हो सकती है।

15 मईः इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, आगर-मालवा, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, देवास, सीहोर, शाजापुर, राजगढ़, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में तेज आंधी का अलर्ट है। यहां बारिश भी हो सकती है।

16 मईः भोपाल, उज्जैन, आगर-मालवा, राजगढ़,शाजापुर, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, सीहोर, विदिशा, गुना, अशोकनगर, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, दमोह, सिवनी, मंडला, बालाघाट, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना में आंधी, बारिश का अलर्ट है।

हमारा स्वराज

इंदौर, बुधवार, 14 मई 2025

सम्पादकीय

पाक को दो टूक: युद्ध खत्म नहीं हुआ स्थगित है

ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान के जवाबी हमले तथा युद्ध विराम के बाद देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़े शब्दों में पाक को चेताया है। उन्होंने सेना के सभी अंगों और सुरक्षा बलों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि फिलहाल युद्ध स्थगित हुआ, खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने साफ किया कि वो दौर चला गया जब भारत परमाणु हमले के नाम पर ब्लैकमेल होता था। अब अगर फिर से हमला हुआ तो पाकिस्तान व आतंकवादियों को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। आतंक की जड़ों पर फिर से प्रहार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया ने देखा कि भारत की सर्जिकल स्ट्राइक में मरे दुर्दांत आतंकवादियों को अंतिम विदाई देने को पाक सेना के बड़े अधिकारी उतावले थे। यह भी कि दो-तीन दशकों में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फसल को सींचने के लिये जो संरचना अपने देश में तैयार की है, उससे निकले आतंकवादियों ने ब्रिटेन तथा अमेरिका के 9/11 जैसे हमलों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में अंजाम दिया है। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि टॉक और टेरर व ट्रेड और टेरर साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्होंने आतंक की पोषक पाक सरकार को खुले शब्दों में चेताया कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। उनका इशारा सिंधु समझौते को स्थगित करने की तरफ था। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि अब न्यू नॉर्मल है कि भारत ने आतंक की लड़ाई के खिलाफ नई लकीर खींच दी है। आतंक का अपनी शर्तों पर मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, न्यूक्लियर भयादोहन सहन नहीं होगा तथा आतंकवादियों तथा आतंक को पोसने वाली सरकार को अलग-अलग करके नहीं देखा जाएगा। उन्होंने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को बता दिया है कि आतंकवाद को संरक्षण देने में पाक सरकार की सक्रिय भूमिका है। एक बार फिर पाक पोषित आतंकवाद दुनिया के सामने उजागर हुआ है। साथ ही कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी भारतीय समाज की समरसता को नुकसान पहुंचाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। बुद्ध पूर्णिमा के दिन देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साफ किया है कि भारत सदियों से बुद्ध की संस्कृति व विचारों का पक्षधर रहा है। लेकिन शांति का रास्ता शक्ति के रास्ते से ही होकर जाता है। बिना लाग-लपेट के प्रधानमंत्री ने साफ किया कि भारतीय शांति की नीति को कमजोरी न माना जाए, वक्त आने पर हम शक्ति दिखाने से भी नहीं चूकेंगे। उन्होंने सेना के पराक्रम और भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा को सराहते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक ने बता दिया है कि भारत आधुनिक तकनीक से युद्ध के लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम है। भारत ने स्वदेशी प्रयासों व आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ देश को सुरक्षा कवच देने में कामयाबी हासिल की है। ये तकनीकें 21वीं सदी की चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हैं। पाक द्वारा विश्व शक्तियों से हासिल मिसाइलों व ड्रोन को भारतीय वायु प्रतिरक्षा तंत्र ने जिस तरह नाकाम किया।

स्वराज विचार

डॉ. अखलेश भार्गव
प्रोफेसर एवं विभाग अध्यक्ष, अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज इंदौर

आयुर्वेद बताता है कैसे ना हों बीमार

पहला सुख निरोगी काया अर्थात सभी व्यक्तियों में यह सामान्य लक्षण पाया जाता है, कि बीमार होने वाले कारणों को जानना चाहता है। एक सर्वे में देखा गया है कि सरकार के द्वारा किया गया निवेश उसको 10 गुना बेहतर रिटर्न के रूप मिलता है स्वस्थ व्यक्ति की अपने कार्य पर अनुपस्थिति कम होती है जिससे उसकी उत्पादकता बढ़ती है और आय भी बढ़ती है, और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है , निश्चित रूप से आयुर्वेद विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है जो बताती है कि बीमार कैसे ना पड़े और सदैव स्वस्थ रहें, यदि हम आयुर्वेद में बताए गए नियमों का पालन करें तो कभी बीमार नहीं होंगे।

प्रत्येक व्यक्ति तनाव से रहित रहना चाहता है, फिर भी भागदौड़ की जिंदगी में, काम की जिम्मेदारी एवं दैनिक जीवन में किए गए कार्यों से किसी प्रकार का तनाव अवश्य उत्पन्न होता है। जब भी हम कोई कार्य करते हैं तो निश्चित रूप से कार्य के परिणाम में कुछ त्रुटियां संभव है और इन त्रुटियों को ही हम तनाव के रूप में लेते हैं, जबकि हमें अपने आसपास के मित्रों एवं अनुभवी व्यक्तियों के द्वारा इनका यथासंभव समाधान करना चाहिए। आयुर्वेद हजारों वर्ष पुराना है इसके दो ही उद्देश्य हैं स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना एवं जो बीमार हो गए उनका इलाज करना। आयुर्वेदिक दवाओं का तनाव में विशेष महत्व है , तुलसी में मुख्य तत्व तनाव के कारण उत्पन्न कोर्टिसोल को नियंत्रित करता है इसलिए यदि तुलसी का चूर्ण के रूप मे, काढे के रूप में प्रयोग लिया जाए तो शरीर में कोर्टिसोल के स्तर को कम किया जा सकता है, मानसिक रोगों में शिरोधारा का भी बहुत महत्व है, नींद नहीं आने पर सर्पगंधा , जटामांसी आदि दवाओं का प्रयोग किया जा सकता है। प्रत्येक मनुष्य का आहार, निद्रा और ब्रह्मचर्य नियंत्रित रूप में होना चाहिए, तभी व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है, भोजन के रूप में लघु, शाकाहारी , जल्दी पचने वाला भोजन शरीर में गुणकारी होता है, मांसाहार में अधिक मसालों का प्रयोग होता है और इसका पाचन भी देर से होता है इसलिए कम से कम इसका प्रयोग किया जाना चाहिए।

पूरा विश्व बढ़ रहा है शाकाहार की ओर

मात्रा में किया गया शाकाहारी भोजन से किसी प्रकार की नुकसान की संभावना नहीं होती है। भोजन को सूर्योदय के 3 घंटे पश्चात एवं सूर्यास्त के पहले कर लेना चाहिए । सुबह का भोजन पेट भर कर करना चाहिए एवं शाम का भोजन बिल्कुल अल्प मात्रा में करना चाहिए, अभी गर्मी के समय में तुरंत ताकत प्राप्त करने के लिए जौ, बेसन ,घी, एवं चीनी से बनाए हुए सत्तू का सेवन करना चाहिए, मौसम के अनुसार यथासंभव शरीर में तेलों के द्वारा मालिश का प्रयोग करना चाहिए, इससे शरीर में चिकनाई का प्रभाव होता है और शरीर के सभी कोशिका समूह को ताकत मिलती है , मौसम के अनुसार नहाते समय गर्म पानी का प्रयोग करना चाहिए , किंतु गर्म पानी को सिर पर नहीं डालना चाहिए। आंखों को एवं वृषण को भी गर्म पानी से दूर रखना चाहिए।

ब्रह्मचर्य का पालन आवश्यक

आयुर्वेद में ब्रह्मचर्य को संतान उत्पत्ति का कारण बना गया है , मनोविनोद का नहीं। इसलिए मनुष्य को शुक्र धातु का रक्षण करना चाहिए क्योंकि शरीर सभी धातुओं का सार शुक्र धातु है इससे शरीर में ओज बढ़ता है और इम्युनिटी बढ़ती है। आजकल हम लगातार तैल का प्रयोग करते हैं, इनका प्रयोग करने के बाद गर्म पानी का प्रयोग करना चाहिए, इससे जल्दी पाचन होता है, भोजन करने से पहले आधे घंटे पूर्व पानी का सेवन करें और खाना खाने के बाद लगभग 2 घंटे तक पानी नहीं पीना चाहिए, स्वस्थ रहने के लिए प्रातः जूस का सेवन करें, दिन के समय दही से बनाई गई छाछ का एवं रात्रि के समय दूध का सेवन करना चाहिए।

अच्छी नींद करती है शरीर का पोषण

आयुर्वेद शास्त्रों में नींद का विशेष महत्व है निद्रा को सुख और दुख का आधार माना गया है। जब हम लगभग रोजाना 8 घंटे की नींद लेते हैं तो शरीर में सकारात्मक हारमोंस का निर्माण होता है और शरीर की सभी धातुओं का निर्माण होता है, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योगासन एवं प्राणायाम आवश्यक है, इससे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है और फ्री रेडिकल शरीर से बाहर होते हैं , किसी भी कार्य को योजनाबद्ध तरीके से करने में और मिलकर करने में काम की कुशलता बढ़ती है और तनाव कम होता है । मधुमेह ,हाइपरटेंशन एवं थाइरोइड जैसी बीमारियां तनाव के कारण एवं अनियमित जीवनशैली के कारण होती हैं, यदि तनाव की प्रक्रिया लंबे समय तक चले तो यह शरीर के लिए नुकसानदायक है, इससे नकारात्मक भाव शरीर में आते हैं।

आवश्यकता अनुसार ही करें भोजन

शरीर प्रत्येक व्यक्ति को अपनी अग्नि के अनुसार भोजन करना चाहिए, हमेशा स्निग्ध एवं उष्ण भोजन का सेवन करना चाहिए। गरम भोजन करने से भोजन में स्वाद मालूम होता है, भोजन शीघ्र पच जाता है, वायु का अनुलोमन होता है, कफ की वृद्धि नहीं होती है, स्निग्ध भोजन करने से शरीर की इंद्रियां, मन को दृढ़ता मिलती है और शरीर की हड्डियों एवं संधि प्रदेश को बल मिलता है ।इसलिए प्राचीन समय से ही घी का प्रयोग किया जाता है, तेलों के रूप में भी तिल तेल को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। रिफाइंड तेलों का प्रयोग बिल्कुल नहीं करना चाहिए, क्योंकि उसमें सभी पोषक तत्व समाप्त हो जाते हैं ।आयुर्वेद अनुसार कच्ची घानी से निकला हुआ तेल पोषण युक्त होता है और उससे बीमारियां नहीं होती हैं। भोजन करते समय ना अधिक जल्दी, ना अधिक देर से, ना बोलते हुए, ना हंसते हुए अपने मन और आत्मा को भोजन में आसक्त करके प्रयोग में लेना चाहिए ।प्रथम आहार के पच जाने पर ही दूसरा भोजन करना चाहिए, क्योंकि भोजन नहीं पचने पर भी किया गया भोजन पहले वाले अब आहार रस के साथ मिलकर शरीर के सभी दोषो को दूषित कर देता है ।बार-बार भोजन नहीं करना चाहिए। दो विपरीत प्रकृति वाले द्रव्य को साथ में नहीं खाना चाहिए, यह शरीर के लिए नुकसानदायक होते हैं जैसे मछली और दूध। मछली तासीर में गर्म होती है और दूध ठंडा होता है । इसके सेवन से त्वचा रोगों के होने की संभावना बढ़ जाती है ।आयुर्वेद में बताया गया है कि शरीर में वेग धारण नहीं करना चाहिए अर्थात मल, मूत्र, शुक्र, अपान वायु का निष्कर्षण ,छीक, आदि को कभी रोककर नहीं रखना चाहिए, अर्थात इससे अनेक बीमारियां पैदा हो सकती हैं।

समय-समय पर शरीर शुद्धि आवश्यक

आयुर्वेद में पंचकर्म का विशेष महत्व है, पंचकर्म के द्वारा शरीर में उपस्थित अशुद्धियों को शरीर से बाहर निकाला जाता है जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और व्यक्ति बीमार नहीं होता है ,चिकित्सक की देखरेख में इसका प्रयोग करना चाहिए ।प्रत्येक व्यक्ति को अपनी नाक के दोनों छिद्रों में तिल्ली का तेल अथवा अणु तेल गुनगुना दो-दो बूंद डालना चाहिए , यह तेल नासा मार्ग की सफाई करता है, साइनोसाइटिस होने से रोकता है, मस्तिष्क में जाकर उसको ताकत देता है । इसी प्रकार कान में भी तिल तेल का प्रयोग करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति को योग एवं प्राणायाम का प्रयोग करना चाहिए।

योग से बीमार होने का खतरा कम

योग के आठ अंग है जिनमें यम (सत्य, अहिंसा, स्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह) आदि का पालन करना चाहिए, अर्थात योग करने से पहले मन की स्वच्छता अति आवश्यक है, प्रत्येक व्यक्ति को व्यायाम करना चाहिए, व्यायाम करने से शरीर में हल्का पन, कार्य करने की शक्ति, शरीर में स्थिरता, दुख सहन करने की क्षमता बढ़ती है। मनुष्य को अहंकार, लोभ, मोह, क्रोध, अति प्रेम आदि मानस वेगो का धारण करना चाहिए।

नशा नाश का द्वार

हमें किसी भी रूप में तंबाकू एवं तंबाकू से बने हुए पदार्थ सिगरेट, गुटखा, पान, मसाला आदि का प्रयोग नहीं करना। चाहिए इसमें जो निकोटिन होता है वह नुकसानदायक है और अनेक प्रकार की कैंसर, हृदय रोग, डायबिटीज आदि बीमारियों की और ले जाता है इनका प्रयोग करने से व्यक्ति तनाव ग्रसित होता है, अभी गर्मी में हम दही का प्रयोग ज्यादा करते हैं, आयुर्वेद के अनुसार रात्रि में दही का प्रयोग नहीं करना चाहिए और दही को चीनी, घी, मूंग दाल, शहद अथवा आंवला मिलाकर खाना चाहिए और दही को कभी भी गरम नहीं करना चाहिए। दही स्वभाव से कफ वर्धक होता है रात्रि में कफ की अधिकता होती है। आयुर्वेद में व्यक्ति की प्रकृति का विशेष महत्व है तीन प्रकार की प्रकृति होती है वात, पित्त और कफ। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी प्रकृति के अनुसार आहार-विहार खानपान एवं जीवन शैली का प्रयोग करना चाहिए, रात्रि के समय पैरों को गुनगुने पानी में रखने से एवं पैरों के तलवों में चंदन आदि तेल की मालिश करने से नेत्रों की ज्योति बढ़ती है, प्रत्येक व्यक्ति को नीम मुलेठी करंजी बबूल आदि की दातुन का प्रयोग करना चाहिए, एवं रोजाना सुबह नीम, खदिर, सहजन का क्वाथ बनाकर कुल्ला करना चाहिए इससे आयुर्वेद में कवल कहते हैं, दांतों में दर्द होने पर मसूड़ों का सूजन होने पर अथवा मुंह में से बदबू आने पर इरिमेदादि तेल को लेकर 10 मिनट तक रखना चाहिए, आयुर्वेद में ऋतु के अनुसार भोजन का एवं जीवन शैली का विशेष महत्व है।

फसलों की विविधता को कम करेगी बढ़ती गर्मी

ग्लोबल वार्मिंग दुनिया में फसलों की विविधता को कम कर सकती है। एक नए अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि यदि वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है, तो विशाल क्षेत्र फसल विविधता खो सकते हैं, जिससे विश्वव्यापी खाद्य सुरक्षा के लिए जोखिम बढ़ सकता है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि उच्च तापमान के कारण वैश्विक खाद्य उत्पादन का लगभग एक तिहाई हिस्सा खतरे में पड़ सकता है। फिनलैंड के आल्टो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नेचर फूड में प्रकाशित शोध में बताया कि तापमान,वर्षा पैटर्न और समग्र शुष्कता में परिवर्तन किस तरह दुनिया भर में 30 प्रमुख खाद्य फसलों के विकास को प्रभावित करेंगे। शोध के परिणाम बताते हैं कि निम्न अक्षांश क्षेत्र, खास कर उष्णकटिबंधीय देशों के बड़े हिस्से सबसे अधिक नुकसान उठाने वाले हैं। जैसे-जैसे तापमान बढ़ेगा, इन क्षेत्रों में कृषि के लिए बहुत अधिक भूमि अनुपयुक्त होती जाएगी। साथ ही उगाई जा सकने वाली फसलों की विविधता में भी भारी गिरावट आएगी। अध्ययन का नेतृत्व करने वाली शोधकर्ता सारा हेइकोनेन ने कहा कि विविधता के नुकसान का मतलब है कि कुछ क्षेत्रों में खेती के लिए उपलब्ध खाद्य फसलों के दायरे में काफी कमी आ सकती है। इससे खाद्य सुरक्षा कम होगी और पर्याप्त कैलोरी और प्रोटीन प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाएगा। इन बदलती परिस्थितियों से दुनिया के मौजूदा खाद्य फसल उत्पादन का आधा हिस्सा प्रभावित हो सकता है। चावल, मक्का, गेहूं, आलू और सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों को उपयुक्त कृषि भूमि में भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। इससे उन लोगों के लिए चुनौतियां बढ़ सकती हैं जो दैनिक पोषण के लिए इन फसलों पर निर्भर हैं। कई अन्य फसलें भी असुरक्षित हैं जिनमें अनाज और दालों के अलावा उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में उगने वाली जड़ वाली फसलें शामिल हैं। जिमीकंद जैसी जड़ वाली फसलें कम आय वाले क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। अफ्रीका के सहारा रेगिस्तान के दक्षिण में स्थित देश सबसे अधिक प्रभावित होंगे। यदि ग्लोबल वार्मिंग 3 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाती है तो इन देशों में वर्तमान उत्पादन का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा खतरे में पड़ जाएगा। वैश्विक तापमान का असर सब जगह एक जैसा नहीं होगा। नया अध्ययन निम्न अक्षांश और मध्य से उच्च अक्षांश क्षेत्रों (भूमध्य रेखा और ध्रुवीय क्षेत्रों के बीच में गर्म और ठंडी जलवायु वाले क्षेत्र) के बीच एक स्पष्ट अंतर को दर्शाता है। भूमध्य रेखा के नजदीकी देशों को जहां फसल की भारी क्षति और विविधता में गिरावट का सामना करना पड़ सकता है, वही ठंडी जलवायु वाले देश अपने समग्र उत्पादन स्तर को बनाए रख सकते हैं।

हमारा स्वराज
इंदौर, बुधवार, 14 मई 2025

रायसेन में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश, 16 मई तक ऐसा ही रहेगा मौसम

हमारा स्वराज। रायसेन

रायसेन में मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे आसमान में बादल छाने के बाद बारिश हुई। लगभग 10 मिनट तक हुई बारिश से शहर की सड़कें भीग गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में और बारिश की संभावना जताई है। तेज धूप और गर्मी के बीच मंगलवार को दोपहर बाद हुए मौसम परिवर्तन से शहरवासियों को राहत मिली। बारिश के बाद तापमान में गिरावट महसूस की गई और वातावरण में हल्की ठंडक घुल गई।

तापमान में उतार-चढ़ाव जारी

सोमवार को रायसेन में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया। बारिश के बाद मंगलवार को मौसम अपेक्षाकृत ठंडा रहा। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में इस समय तीन मौसमी सिस्टम सक्रिय हैं। इसमें वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, टर्फ लाइन और साइक्लोनिक सर्कुलेशन। इनकी वजह

से प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी और बारिश का दौर बना हुआ है। रायसेन भी इसी प्रभाव में है।

विभाग का पूर्वानुमान है कि 16 मई तक गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद तापमान में फिर से बढ़ोतरी हो सकती है और गर्मी का असर तेज हो सकता है।

सागर में छाए बादल, तापमान में गिरावट

हमारा स्वराज। सागर

गर्मी के बीच वेदर सिस्टम सक्रिय होने के कारण सागर के मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। आसमान में बादलों की आवाजाही बनी हुई है। पिछले दिनों जिले के अलग-अलग हिस्सों में हवा-आंधी के साथ बारिश हुई। जिससे दिन के तापमान में गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है।

मंगलवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर के समय धूप-छांव का दौर चला। बादलों के बीच लोगों को सूरज की तल्खी से राहत मिली। वहीं हवाएं चलने से वातावरण में ठंडक रही। इस समय सागर का अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री और न्यूनतम पारा 24.1 डिग्री

सेल्सियस पर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ सक्रिय होने के कारण प्रदेश का मौसम बदला है। 16 मई तक हल्की बारिश गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद मौसम साफ होते ही गर्मी का असर बढ़ सकता है। आगामी 24 घंटों में सागर जिले में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा-आंधी चल सकती है।

मटका कुल्फी खाने से 40 बच्चे बीमार

सीहोर में 3 बच्चों की हालत गंभीर, दुकानदार गिरफ्तार

हमारा स्वराज। सीहोर

सीहोर जिले की जावर तहसील के गांव भाऊखेड़ी में सोमवार शाम एक मुंडन कार्यक्रम के दौरान खराब मटका कुल्फी खाने से लगभग 40 बच्चे बीमार हो गए। बच्चों को उल्टी और दस्त की शिकायत हुई। बच्चों को रात में ही जावर और आष्टा के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। आष्टा के सिविल अस्पताल में 11 बच्चों को भर्ती किया गया। तीन बच्चों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर करने की तैयारी की जा रही है। बाकी बच्चों की स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है।

कुल्फी खाने के आधे घंटे बाद बिगड़ी हालत

घटना मामा के यहां मान उतारने के कार्यक्रम में हुई। कुल्फी खाने के आधे घंटे बाद बच्चों की तबीयत बिगड़नी शुरू हुई। स्थानीय अधिकारी अस्पताल पहुंचे और बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। जावर थाना प्रभारी अनीता देयरवाल के अनुसार, सुरेंद्र निवासी भाऊखेड़ी की शिकायत पर कुल्फी विक्रेता अफजल के खिलाफ धारा 274, 275 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

खराब कुल्फी होने की आशंका

जांच में पता चला है कि आरोपी ने वनीला पाउडर और अन्य सामग्री मिलाकर कुल्फी बनाई थी, जो अधिक तापमान के कारण खराब हो गई थी।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

हमारा स्वराज। विदिशा

विदिशा रेलवे स्टेशन पर देर रात एक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति का शव विक्षिप्त हो गया। जीआरपी ने शव के टुकड़ों को इकट्ठा किया और पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। मृतक के पास कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिले। दुर्घटना में चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण पहचान करना मुश्किल हो गया है। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष आंकी गई है।

प्रारंभिक जांच में आशंका है कि व्यक्ति पटरी पार कर प्लेटफॉर्म पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जीआरपी ने मामला दर्ज कर लिया है। शव को जिला चिकित्सालय के मर्चुरी रूम में रखा गया है। पुलिस परिजनों की तलाश कर रही है।

अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

हमारा स्वराज। विदिशा

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में देर रात एक हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा मिर्जापुर गांव स्थित निर्माणाधीन पुलिया के पास हुआ। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान सूखी सेवानिया निवासी मोहन शर्मा और तूफान सिंह सिसोदिया के रूप में हुई है। दोनों युवक अटारी खेजड़ा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर देर रात लौट रहे थे। इसी दौरान मिर्जापुर के पास उन्हें तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया। वाहन चालक मौके से फरार हो गया।सीएसपी अतुल सिंह ने बताया कि पुलिस को रात में दो लोगों के सड़क किनारे पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तूफान सिंह के बड़े भाई प्रभुराम सिसोदिया ने बताया कि उन्हें रात करीब ढाई बजे हादसे की सूचना मिली। तूफान सिंह विवाहित थे और उनके दो छोटे बच्चे हैं। मोहन शर्मा अविवाहित थे।

सीवन नदी से अतिक्रमण हटेगा, 42 लोगों को नोटिस

हमारा स्वराज। सीहोर

सीहोर में सीवन नदी के जीर्णोद्धार के लिए नगर पालिका द्वारा गहरीकरण और सफाई कार्य चल रहा है। साथ ही प्रशासन नदी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहा है।

सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के आदेश पर प्रशासन ने 42 लोगों को नोटिस जारी किया है।

इनसे नौ मई तक अपना पक्ष रखने को कहा गया था। 22 लोगों ने 13 मई तक अपना अतिक्रमण स्वयं हटाने की सहमति दी है। तहसीलदार नीलम के अनुसार, कई लोगों

ने माना है कि उन्होंने रजिस्ट्री से अधिक निर्माण किया है। यदि निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटा तो प्रशासन खुद कार्रवाई करेगा।

दस घाटों का निर्माण होगाः नगर पालिका की योजना है कि अतिक्रमण हटने के बाद नदी को नया स्वरूप दिया जाएगा। बड़ियाखेड़ी से कस्बा क्षेत्र तक दस स्थानों पर घाटों का निर्माण होगा। दस पार्क और पाथवे भी बनाए जाएंगे।

नपाध्यक्ष राठौर ने बताया कि नदी के दोनों किनारों पर विद्युत साजसज्जा की जाएगी। रंगबिरंगे फव्वारे लगाए जाएंगे, जिससे रात में भी लोग घूम सकें।

बुद्ध पूर्णिमा पर अमरा गुरु महोत्सव मनाया

शहनाज के भजनों पर झूमे भक्त मंत्री सारंग ने भी गाया भजन

हमारा स्वराज। सीहोर

मध्य प्रदेश के बुधनी विधानसभा क्षेत्र में विंध्याचल पर्वत श्रृंखला स्थित आला ऊदल के गुरु अमरा की तपोस्थली पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरु अमरा महोत्सव में दादागुरु की उपस्थिति में रात्रि जागरण हुआ। प्रसिद्ध देवी भजन गायिका शहनाज अख्तर ने भजनों की प्रस्तुति दी। मध्य प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

गुरु अमरा की समाधि पर किया पूजन : मंत्री सारंग ने गुरु अमरा की समाधि पर पूजन किया और त्यागी जी दादागुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। भजन संध्या के दौरान उन्होंने शहनाज अख्तर के साथ भजन गायन भी किया। कार्यक्रम में कई नेता, समाजसेवी और गुरु भक्त उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि अमराझीरी में गुरु अमरा ने तपस्या की थी और यहीं उनका समाधि स्थल भी है। विंध्याचल पर्वत श्रृंखला में ऐसे कई ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल हैं, जहां बड़े संतों की तपोस्थली रही है।

डॉ. गौर यूनिवर्सिटी में एबीवीपी का हंगामा

बस सुविधा, फीस घटाने और भ्रष्टाचार की जांच की मांग

हमारा स्वराज। सागर

सागर के डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) ने प्रदर्शन किया। मांगों को लेकर विद्यार्थी प्रशासनिक भवन पहुंचे। जहां गेट पर बैठकर विश्वविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कुलपति को बाहर बुलाने की मांग करने लगे। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने आठ सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में जल्द बस की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। क्योंकि वेली कैंपस में बहुत से विषयों की कक्षाएं लगती हैं। ऐसे में बस की सुविधा नहीं होने से विद्यार्थियों को वेली कैंपस आने-जाने में परेशानी होती है। बी-टेक की फीस बहुत अधिक

है। विद्यार्थियों से ली जा रही फीस के अनुसार उनको सुविधाएं नहीं दी जा रही है। फीस घटाकर प्रथम बैच 2022-23 के अनुसार किया जाए। स्थायी शिक्षकों की भर्ती कराई जाए। लैब को जल्द स्थापित किया जाए।

उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

उन्होंने मांग की कि विश्वविद्यालय में हुई शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और परिवारवाद की जांच कराई जाए। महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए प्रोफेसरों के परिवार के सदस्यों का चयन, कुलपति के नजदीकी लोगों व उनके परिचितों का चयन भर्ती प्रक्रिया को संदिग्ध बनाता है। मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। छात्रावासों के आवंटन के लिए नियम में संशोधन किया जाए। मेरिट के आधार पर छात्रावास का आवंटन किया जए। जिससे प्रतिभावान व जरुरतमंद विद्यार्थियों को छात्रावास का लाभ मिल सके। मानव शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष व डोफा जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर रहे प्रो. अजीत जैसवाल पर कई आरोप लगे। उनकी जांच कराई जाए। अनुकंपा प्रकरणों का जल्द निराकरण कराया जाए। पौधरोपण के नाम पर किए जा रहे भ्रष्टाचार की जांच कराई जाए। विद्यार्थियों ने एक सप्ताह में मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

“अगर खुश हो तो ‘हैप्पी’ लिखकर दिखाओ..” बच्चे ने बिना झिझक अपनी साफ हैंडराइटिंग में ‘हैप्पी’ लिख दिया... कलेक्टर ने फीस माफ करने के दिए निर्देश

पढ़ने की चाह में बच्चे ने कलेक्टर से फीस माफ करने की लगाई गुहार...

हमारा स्वराज। धार

मंगलवार को जनसुनवाई में स्कूल की फीस माफ करने को लेकर एक बच्चा और उसकी मां कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के पास पहुंची। मां के साथ पहुंचे अब्दुल ने कलेक्टर से पढ़ाई के लिए फीस माफ करने की गुहार लगाई। इस पर जनसुवाई में बैठे कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी भी उस बच्चे को अचरज भरी निगाहों से देखते रहे। बच्चे ने और उसकी मां ने परिवार की आर्थिक तंगी का भी हवाला दिया।

कलेक्टर ने बच्चे से पूछा “अगर हम तुम्हारी फीस माफ करवा दें, तो क्या मन लगाकर पढ़ाई करोगे?” अब्दुल ने मासूमियत से ‘हां’ में सिर हिलाया। इसके बाद कलेक्टर ने उससे कहा, “अगर खुश हो तो ‘हैप्पी’ लिखकर दिखाओ।” अब्दुल ने बिना झिझक अपनी साफ हैंडराइटिंग में ‘हैप्पी’ लिख दिया। इस पर कलेक्टर और अन्य मौजूद अधिकारी भी खुश हुए। अब्दुल की लगन और उसके जवाब से प्रभावित होकर कलेक्टर ने तुरंत तत्काल डीपीसी, जिला परियोजना समन्वयक को बुलाया और संबंधित शाला से बात कर फीस माफ कराने या किसी दानदाता से फीस स्पॉन्सर करवाने के निर्देश दिए। यह दृश्य न सिर्फ जनसुनवाई में मौजूद लोगों को भावुक कर गया।

महाकाल मंदिर में होमगार्ड की मॉक ड्रिल

हमारा स्वराज। उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में कर्तव्यरत पुलिसकर्मियों, होमगार्ड के जवानों व मंदिर में कार्यरत कर्मचारियों को मंगलवार से 16 मई तक अलग-अलग शिफ्ट में आगन्तुक श्रद्धालुओं को सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थिति के त्वरित सहायता एवं निराकरण हेतु अग्नि सुरक्षा डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट के माध्यम से टनल छत पर तीन दिन का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया।

मंगलवार दोपहर में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिस पर पुलिसकर्मी, सुरक्षा कर्मी और होमगार्ड के जवानों को कई बारीकियां बताई गई। होमगार्ड के जवानों ने आग पर किस तरह से काबू पाया जाए और आपको तुरंत रुक जाए इसका एक डेमो भी करके दिखाया। इस दौरान यात्रियों की सुरक्षा में उपयोग आने वाली सामग्री के बारे में भी होमगार्ड के जवानों ने और अधिकारियों ने जानकारी दी।

मंदिर समिति के कर्मचारी सुरक्षा गार्ड्स को फायर फाइटर आपदा प्रबंधन डिजास्टर मैनेजमेंट का प्रशिक्षण तीन दिनों तक दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश की सुरक्षा के लिए सभी को निर्देशित किया है कि लोगों की सुरक्षा किस तरह से की जाए। यह प्रशिक्षण होमगार्ड के मास्टर टेनर ऑन के द्वारा दिया जा रहा है। सभी को होमगार्ड के आधुनिक उपकरण से किस तरह घायलों का इलाज करना है वह समझाया गया है। यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

अवैध शराब का गढ़ बनता जा रहा धार जिला, एक महीने में नौगांव पुलिस की तीसरी बड़ी कार्रवाई

55 लाख की अवैध शराब पकड़ी

हमारा स्वराज। धार

जिले में अवैध शराब का बड़ा कारोबार है। इन अवैध शराब कारोबारियों के साथ-साथ कुछ छोटे ब्लैकर भी अपनी-अपनी जमीन तैयार कर उन इलाकों में अवैध शराब की सप्लाय शुरू कर देते है और देखते ही देखते ये ब्लैकर अपने क्षेत्र में बड़ा कारोबार जमा लेते है। इन सबके पीछे अवैध शराब से होने वाली वह कमाई है, जिसमें कम वक्त में बड़ा मुनाफा ब्लैकर बनाते है। यहीं कारण है कि आबकारी, पुलिस और शराब ठेकेदार की तमाम सख्ती के बाद भी ब्लैकर हर तरह की रिस्क लेकर अवैध शराब का कारोबार चालू रखते है।

धार में जब से नए ठेकेदारों का ठेका हुआ। उसके बाद से जिले में गली-गली अवैध शराब के छोटे-छोटे ठेकेदार बन गए हैं। वहीं एक बार फिर से पुराने ठेकेदारों के हाथों में ठेके होने के बाद कार्रवाई पर अंकुश लगेगा यह तो आने वाला समय ही बता पायेगा। क्योंकि पड़ोसी जिलों से जिले में आ रही शराब जो कि इंदौर के ठेकेदारो धार में खफा जा रही है। नौगांव पुलिस ने अवैध शराब को लेकर लगातार कार्रवाई कर रही है और इसे लेकर टीआई ने एक विशेष टीम बनाई है, जो अवैध शराब पर निगरानी करेगी। नौगांव पुलिस ने एक महीने में तीन वाहनों से 500 अवैध शराब की पेटियां पकड़ी है, जिसकी वाहन सहित शराब की कीमत 55 लख रुपए आंकी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब का गढ़ बनाने वाले टोनी पर एक माह में दूसरी बार कार्रवाई की गई है। आरोपी शराब तस्कर टोनी पुलिस की पकड़ से दूर रहकर भी चला रहा अवैध शराब का बड़ा कारोबार बना हुआ है।

इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन बना गढ़

इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर अवैध शराब तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। मंगलवार सुबह नौगांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जेतपुरा फाटे के पास एक आयशर वाहन को रोककर जांच की, जिसमें लाखों रुपए की अवैध शराब जब्त की गई। यह कार्रवाई पुलिस द्वारा दो दिनों में की गई दूसरी बड़ी कार्रवाई है। अवैध शराब के तस्कर प्लास्टिक के दानों से भरी बोरियों के नीचे शराब की खेप को छिपाकर ले जा रहे थे। जेतपुरा फाटे पर पुलिस ने आयशर वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें बड़ी मात्रा में अवैध शराब पाई गई। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार नौगांव थाना अंतर्गत इंदौर -अहमदाबाद फोरलेन पर फाटे के समीप आयशर वाहन क्रमांक एमपी-41 जीए- 2669 को रोका गया था, वाहन के पीछे प्लास्टिक दानों की बोरिया भरी हुई थी, जब पुलिस जवानों ने बोरियों को हटाकर देखा तो उसमें 200 पेटी बीयर और 63 पेटी व्हिस्की भरी हुई थी। पुलिस ने मौके से उक्त शराब को जप्त कर आयशर वाहन के चालक गणेश पिता नेतराम निवासी सिरोंजा विदिशा हाल मुकाम परदेशीपुरा इंदौर को गिरफ्तार कर आबकारी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस मामले में आयशर वाहन के चालक गणेश से पुछताछ कर रही है कि उसे यह शराब क खेप किसने दी थी और वह उसे लेकर कहा जा रहा था, जिससे अवैध शराब से जुडे नेटवर्क का भी खुलासा होग

वही पिछले दिनों पुलिस ने करीब 250 पेटी अवैध शराब की जब्त की थी। इसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए से अधिक आंकी गई।

सूचना पर की कार्रवाई

नौगांव थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि मुखबिर से टीम को सूचना मिली थी कि इंदौर की और से एक आयशर वाहन आ रहा है जिसमें कचरे के नीचे अवैध शराब भरी हुई है, सूचना पर जेतपुरा फाटे पर घेराबंदी की गई। आयशर वाहन को रोककर विधवित तलाशी ली गई तो उसमें अवैध रुप से शराब छिपाई गई थी।

जांच अवैध शराब का नेटवर्क पता चलेगा

अवैध शराब की प्रारंभिक पूछताछ में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। अवैध शराब के इस नेटवर्क से जुड़े और भी लोग हो सकते हैं, जिनकी जानकारी जल्द सामने आ सकती है। इसी सप्ताह में नौगांव पुलिस ने दो पीकअप वाहनों से भी लाखों की अवैध शराब जब्त की थी। लगातार हो रही इन कार्रवाईयों से साफ है कि इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन शराब तस्करों के लिए एक प्रमुख मार्ग बन गया है।

कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

हमारा स्वराज। उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के द्वारा आगामी सिंहस्थ महापर्व के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा सर्वप्रथम गऊघाट ब्रिज के समीप पहुंचकर वहां बनाए जाने वाले समानांतर ब्रिज का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि बारिश के पहले तेज़ गति से कार्य पूर्ण करें।

इसके पश्चात लालपुर के समीप पुराने चिंतामन मार्ग का अवलोकन किया गया। जानकारी दी गई कि पुराने चिंतामन मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगा। रेलवे ट्रैक के समानांतर ही यह मार्ग फोर लेन बनाया जाएगा। चिंतामन जवासिया रेलवे स्टेशन के समीप सिंहस्थ में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाना प्रस्तावित है। कलेक्टर ने इसका अवलोकन किया। इसके पश्चात् बड़नगर बदनावर हाईवे के समीप दाऊद खेड़ी पर बनने वाले जंक्शन का अवलोकन किया गया । कलेक्टर श्री सिंह ने समस्त कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह और लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

सीबीएसई ने घोषित किया 10वीं-12वीं का रिजल्ट

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

हमारा स्वराज। धार

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 10 में 70 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहें, जिसमें विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं प्रथम स्थान शैलजा मोदिया (95%), द्वितीय स्थान मोहित पंडागरे (93.2%) एवं तृतीय स्थान राजवीर जायसवाल (92.4%) ने प्राप्त किया।

12 वी में 44 विद्यार्थी हुए उतीर्णः

कक्षा 12वीं में 44 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहें, जिसमें विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12 में विज्ञान संकाय में 23 विद्यार्थियों में प्रथम स्थान राजवी चौहान (92.6%), द्वितीय स्थान निमिषा डोडिया (88.6%) एवं तृतीय स्थान अभिषेक बघेल (88.6%) ने प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय में 21 विद्यार्थियों में प्रथम स्थान हर्षित चौहान (95.6%), द्वितीय स्थान उत्तरा विचारे (93.6%), शिवांश चौहान (93.6%) एवं तृतीय स्थान जनहावी सोलंकी (89.4%) ने प्राप्त किया I प्राचार्य श्री नीरज अस्थाना ने पुष्प माला व मिष्ठान से सभी विद्यार्थियों का अभिनंदन किया एवं उनके उज्जवल भविष्य के शुभकामनायें दी।

भोपाल में हुए हादसे के बाद स्कूलों में निगरानी बढ़ाई

उज्जैन आरटीओ और यातायात विभाग ने शुरू की बसों की जांच

हमारा स्वराज। उज्जैन

भोपाल में सोमवार को एक स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक डॉक्टर युवती की दुखद मौत ने आरटीओ की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। इस घटना के बाद उज्जैन में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है, जहां साल में सिर्फ एक बार बसों की जांच की जाती है। इसी संदर्भ में, उज्जैन आरटीओ और ट्रैफिक विभाग ने स्कूल वाहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, शहर के कई स्कूलों में बसों की चेकिंग शुरू की है।

भोपाल के बाणगंगा चौराहे पर हुई घटना में एक डॉक्टर की मौत और कई लोगों के घायल होने के बाद, उज्जैन आरटीओ ने यातायात विभाग के साथ मिलकर स्कूल बसों की जांच का अभियान शुरू किया। इस दौरान, स्कूलों के बंद होने का लाभ उठाते हुए, संयुक्त टीम ने स्कूलों का दौरा किया और वहां खड़ी बसों का फिटनेस टेस्ट किया। इसके साथ ही, ड्राइवरों की मेडिकल जांच, लाइसेंस, और बसों में आवश्यक इमरजेंसी गेट, आपातकालीन बटन और फर्स्ट एड किट की भी जांच की गई। यातायात डीएसपी दिलीप परिहार ने बताया अभियान बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है, ताकि सभी वाहन निर्धारित मानकों पर खरे उतर सकें। पहले दिन, 6 स्कूलों की जांच की गई, जिनमें निर्मला कान्वेंट, ज्ञान सागर, पोद्दार स्कूल, क्रिस्ट ज्योति, ऑक्सफोर्ड और आईबीएस स्कूल शामिल हैं। इस दौरान केवल एक बस का पीयूसी (पॉलीशन अंडर कंट्रोल) नहीं मिला, जबकि बाकी सभी जगहों पर आवश्यक कागजात पूरे पाए गए हैं। यह जांच शहर के सभी स्कूलों में की जाएगी, उसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का भी निरीक्षण किया जाएगा।

Name Change

SAID KHAN S/O AKRAM KHAN H.NO 01 ALANKAR ROLLING SATER SHYAMAPRASAD MUKHARJI WARD NO 23 . 450001 (M.P.) I have changed my name to SAEED KHAN S/O AKRAM KHAN for all purposes. In future I should be known by the new name SAEED KHAN S/O AKRAM KHAN .

SAEED KHAN

H.NO 01 ALANKAR ROLLING SATER

SHYAMAPRASAD MUKHARJI WARD NO 23 . 450001

वीडियो हो रहा वायरल

संत प्रेमानंद महाराज के सामने भावुक हो गईं अनुष्का शर्मा

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

विराट कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा संग मंगलवार को प्रेमानंद महाराज के आश्रम में पहुंचे। इस दौरान दोनों काफी इमोशनल नजर आए। सोशल मीडिया पर अनुष्का और विराट का वीडियो वायरल है। वीडियो में प्रेमानंद महाराज की बातें सुनकर अनुष्का शर्मा काफी इमोशनल हो गईं और रोने लगीं। बता दें कि, विराट कोहली ने मंगलवार को टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट की अनाउंसमेंट की। अब टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट की अनाउंसमेंट के बाद अनुष्का और विराट वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के आश्रम में पहुंचे। आश्रम में पहुंचते ही प्रेमानंद महाराज ने पूछा प्रसन्न हो? तो इस पर विराट ने कहा ठीक हैं। इसके बाद प्रेमानंद महाराज ने प्रमु के विधान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रभु कृपा करते हैं वैभव मिलना कृपा नहीं है। प्रभु की कृपा का मतलब है अंदर का चिंतन बदलना। प्रेमानंद महाराज ने कहा कि भगवान का नाम जप कीजिए और बिल्कुल भी चिंता मत कीजिए। अनुष्का और विराट ने प्रेमानंद महाराज की बातों को ध्यान से सुना और इस दौरान बहुत इमोशनल हो गए। अनुष्का शर्मा तो अपने आंसू भी रोक नहीं पाई। इस दौरान अनुष्का शर्मा को ब्लैक एंड व्हाइट सूट में देखा गया। अनुष्का शर्मा ने बिना मेकअप के नजर आईं, तो विराट कोहली भी शर्ट-पैंट पहने दिखें। बता दें कि, अनुष्का शर्मा ने 11 दिसंबर 2017 में विराट कोहली संग शादी की थी। उनकी शादी प्राइवेट सेरेमनी में हुई थी। दोनों को इस शादी में दो बच्चे हैं, पहली बेटी वामिका और फिर बेटा अकाय। अनुष्का ने पिछले कई सालों से इंडस्ट्री से दूरी बनाई हुई है।

IPL 2025 पर अभी भी मंडरा रहा खतरा तीसरी बार स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान बॉर्डर पर फिलहाल शांति का माहौल बना है। दोनों देशों के बीच सीजफायर पर सहमति बनी है, लेकिन भारत के क्रिकेट मैदानों को बम से उड़ाने की धमकियां रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को 6 दिन के भीतर तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

बताया जा रहा है ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सफलता का बदला लेने के इरादे से ये धमकी दी गई है। बताते चलें कि आईपीएल 2025 के नए शेड्यूल अनुसार अभी यहां 3 मैच और खेले जाने बाकी हैं। पहले भी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। ये दोनों धमकियां 8 मई और 12 मई को आई थीं। धमकी के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है और स्टेडियम को फिर से खंगाला जा रहा है। 12 मई को आईपीएल 2025 का नया शेड्यूल जारी किया गया था, बचे हुए 17 मैचों में से तीन जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में ही खेले जाने हैं। जब 8 मई को सवाई मानसिंह स्टेडियम को पहली बार धमकी मिली थी, तभी से स्टेडियम के आसपास के इलाकों में चौकसी बढ़ा दी गई और साथ ही तलाशी अभियान पिछले कई दिनों से जारी है। बताया जा रहा है कि ईमेल के जरिए मिली धमकी के बाद साइबर क्राइम टीम सक्रिय हो गई है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में नए शेड्यूल अनुसार पहला मैच 18 मई को राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाएगा। 24 मई को पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स और 26 मई को यहीं पर पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस का मैच खेला जाएगा।

प्लेऑफ के मैचों को लेकर आया अपडेट

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

एक बार फिर आईपीएल 2025 17 मई से शुरू होने जा रहा है। अब एक बार फिर आईपीएल 17 मई से शुरू होने जा रहा है। लीग स्टेज के 13 मुकाबलों के वेन्यू का ऐलान हो गया है, जबकि प्लेऑफ और फाइनल के फाइनल के वेन्यू को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। अब इसको लेकर बड़ा अपडेट आया है। आईपीएल 2025 17 मई से शुरू होगा, जहां आरसीबी और केकेआर के बीच भिड़ंत होगी।

लीग स्टेज के 13 मैच 6 स्टेडियम में खेले जाएंगे। वहीं डबल हेडर मुकाबले 18 मई और 25 मई को देखने को मिलेंगे। वहीं आईपीएल 2025 में बाकी बचे लीग मैच दिल्ली, लखनऊ, जयपुर, मुंबई, अहमदाबाद और बेंगलुरु में होंगे। लीग स्टेज का आखिरी मुकाबला 27 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स और आरसीबी के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में होगा। इसके बाद से प्लेऑफ मुकाबले शुरू हो जाएंगे। क्वालीफायर 1,29 और एलिमिनेटर 30 मई को खेला जाएगा। जबकि दूसरा क्वालीफायर 1 जून को होगा। जबकि सीजन का फाइनल 3 जून को खेला जाएगा। वहीं रिपोर्ट्स के अनुसार, अब फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। आईपीएल 2025 से चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद बाहर हो चुकी है। वहीं बाकी बची सात टीमों के बीच प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिलने की पूरी संभावना बन रही है।

टेम्बा की कप्तानी में रबाडा की वापसी

WTC फाइनल के लिए अफ्रीका टीम का ऐलान

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

2025 का वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। साउथ अफ्रीका ने फाइनल मुकाबले के लिए अपना 15 सदस्यीय स्क्वॉड घोषित कर दिया है।

ये मैच इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान मं 11-15 जून तक खेला जाना है। हाल ही में डोपिंग के कारण एक महीने का बैन झेल चुके कगिसो रबाडा टीम में वापसी करेंगे, वहीं टीम की कप्तानी टेम्बा बावुमा कर रहे होंगे। साउथ अफ्रीका पेस अटैक में लुंगी एनगिडी भी शामिल हैं, जिन्होंने चोट से वापसी की है। मार्को जानसन, कॉर्बिन बॉश और वियान मुल्डर तेज गेंदबाज की कमान संभालते हुए नजर आएंगे। हेड कोच शुकरी कॉनराड का मानना है कि उनकी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए पूरी तरह तैयार लग रही है, जिसमें कोई कमी नहीं है। 2023-25 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के चक्र में साउथ अफ्रीका ने कुल 12 टेस्ट मैच खेले थे, जिनमें उसने 8 जीत दर्ज करने के बाद 69.44 का पॉइंट्स प्रतिशत हासिल किया था। गौरतलब है कि साउथ अफ्रीका टेबल टॉपर होते हुए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच खेलने मैदान में उतर रही होगी।

व्यापार

ट्रम्प लग्जरी प्रोजेक्ट की धूम, लॉन्च के दिन ही सब बिक गया, 125 करोड़ है कीमत

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

गुरुग्राम में ट्रंप टावर्स के दूसरे प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य जारी किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट को मंगलवार 13 मई को लॉन्च किया गया है। बाजार में लॉन्च होने के साथ ही ये पूरा प्रोजेक्ट पूरी तरह से बिक गया है। इस प्रोजेक्ट के डेवलपर्स स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स और ट्रिबेका डेवलपर्स है। उन्होंने जानकारी दी है कि ट्रंप टावर्स पहले ही दिन सोल्ड आउट हो गए है।

डेवलपर्स ने बताया कि लॉन्च के दिन ट्रम्प रेजिडेंस गुड़गांव ने 3,250 करोड़ रुपये के अभूतपूर्व आवंटन दर्ज किए। परियोजना के 125 करोड़ रुपये मूल्य के अल्ट्रा-प्रीमियम पेंटहाउस भी पूरी तरह से आवंटित हो गए है। हर यूनिट की आवासीय संपत्ति की कीमत 8 करोड़ रुपये से 15 करोड़ रुपये के बीच है। वहीं यहां कुल 298 घर है, जो रिकॉर्ड समय में बिक गए है। ये भारत में ब्रांडेड, अल्ट्रा-लक्जरी आवास की बढ़ती मांग को दर्शाते है। यह स्मार्टवर्ल्ड, ट्रिबेका और द ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन के बीच सहयोग है। इस परियोजना में दो 51-मंजिला टावर शामिल हैं। स्मार्टवर्ल्ड विकास, निर्माण और ग्राहक सेवा की देखरेख करेगा, जबकि ट्रिबेका - भारत में ट्रम्प ब्रांड का आधिकारिक प्रतिनिधि - डिजाइन, विपणन, बिक्री और गुणवत्ता नियंत्रण का नेतृत्व करेगा। यह परियोजना उत्तर भारत में दूसरी ट्रम्प-ब्रांडेड आवासीय विकास परियोजना है। डेवलपर्स ने आज बयान में कहा कि गुरुग्राम में 2018 में लॉन्च किया गया पहला ट्रम्प टावर्स दिल्ली एनसीआर भी पूरी तरह से बिक चुका है। इस महीने के अंत में डिलीवरी के लिए तैयार है। स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स के संस्थापक पंकज बंसल ने कहा, 'ट्रम्प रेसिडेंस को मिली अभूतपूर्व प्रतिक्रिया भारत में विश्वस्तरीय जीवन जीने की आकांक्षा का प्रमाण है। स्मार्टवर्ल्ड को इस ऐतिहासिक परियोजना के क्रियान्वयन का नेतृत्व करने पर गर्व है। हम अपने खरीदारों को हमारे दृष्टिकोण में उनके विश्वास के लिए धन्यवाद देते हैं।' ट्रिबेका डेवलपर्स के संस्थापक कल्पेश मेहता ने कहा, 'ट्रम्प रेजिडेंस गुरुग्राम सिर्फ एक रियल एस्टेट परियोजना नहीं है। यह भारत के लक्जरी बाजार के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। पहले दिन 3,250 करोड़ रुपये की बिक्री ने इसे देश में अब तक के सबसे बड़े लक्जरी सौदों में से एक बना दिया है।' वर्तमान में ट्रम्प की पांच ऐसी ऊंची लक्जरी आवासीय संपत्तियां हैं, जिनमें से एक मुंबई, पुणे, दो गुरुग्राम और कोलकाता में हैं। कल्पेश मेहता की कंपनी ट्रिबेका पिछले 13 सालों से भारत में ट्रंप संगठन की भागीदार है। कहा जाता है कि मेहता ट्रंप परिवार के बहुत करीब हैं, उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप जूनियर के साथ प्रतिष्ठित व्हार्टन स्कूल में पढ़ाई की है। कल्पेश मेहता ने हाल ही में गुरुग्राम में दूसरे ट्रम्प टॉवर के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर या एरिक ट्रम्प, गुरुग्राम में ट्रम्प टॉवर के विकास को देखने के लिए जल्द ही भारत आने वाले हैं। डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर इससे पहले 2018 और 2022 में भारत का दौरा कर चुके हैं।

मुनाफावसूली के कारण ऐसा हुआ

सेंसेक्स 1,281 अंक गिरकर हुआ बंद

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

भारतीय शेयर सूचकांक में काफी गिरावट आई है। भारतीय शेयर बाजार में सेंसेक्स लाल निशान में बंद हुआ। ये सोमवार की भारी तेजी के बाद हुई मुनाफावसूली के कारण हुआ। सोमवार को भारतीय शेयर सूचकांक आसमान छू गया, जिसे इस खबर से बल मिला कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष दोनों सशस्त्र बलों के बीच समझौता होने के बाद कम हो गया है।

आज कारोबारी सत्र के अंत में बीएसई सेंसेक्स 1,281.68 अंक या 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,148.22 पर और निफ्टी 346.35 अंक या 1.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,578.35 पर बंद हुआ। बीएसई में मिडकैप सूचकांक बंद होने के समय स्थिर रहा। वहीं स्मॉलकैप सूचकांक में 1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने एएनआई से कहा, 'सोमवार की तेज तेजी के बाद मंगलवार को घरेलू बाजार में मुनाफावसूली देखी गई। व्यापार युद्ध तनाव और भारत-पाक भू-राजनीतिक तनाव में कमी सहित वैश्विक और घरेलू जोखिमों में कमी से राहत-प्रेरित उछाल में राहत मिलती दिख रही है।' नायर ने कहा कि बाजार में लार्ज-कैप शेयरों पर प्रभाव दिख रहा है वहीं मिड-कैप और स्मॉल-कैप सेगमेंट में तेजी जारी है। बाजार पर नजर रखते हुए आशिका इंस्टीट्यूशनल इक्विटी के तकनीकी एवं डेरिवेटिव विश्लेषक सुन्दर केवट ने कहा, 'भू-राजनीतिक तनाव पर बाजार की नजर बनी रही, क्योंकि बाजार सहभागियों की नजर भारत और पाकिस्तान के बीच नाजुक युद्ध विराम पर थी, जिससे सतर्कता की भावना बढ़ी।' बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि भविष्य की ओर देखते हुए, वित्त वर्ष 2026 की आय वृद्धि के बारे में आशावाद बढ़ रहा है। मंगलवार सुबह निफ्टी मामूली गिरावट के साथ 24,864 पर खुला। कुछ देर के लिए 24,973 के उच्च स्तर तक चढ़ा, फिर आक्रामक बिकवाली दबाव के कारण 24,560 के दिन के निम्नतम स्तर तक गिर गया। वहीं दिन के निम्नतम स्तर के निकट कारोबार कर रहा था। क्षेत्रवार प्रदर्शन मिलाजुला रहा, पीएसयू बैंक, मीडिया और फार्मा ने मजबूती दिखाई, जबकि आईटी, ऑटो, उपभोक्ता सामान और रियल्टी ने सूचकांक को नीचे खींच लिया।

दिल्ली में तपती गर्मी में लोगों नहीं मिल रही बीयर

नई दिल्ली। दिल्ली में इन दिनों भीषण गर्मी हो रही है। इस गर्मी में लोगों को उनकी पसंदीदा ठंडी बीयर पीने को नसीब नहीं हो रही है। बीयर को लेकर इन दिनों बेहद अजीब स्थिति बनी हुई है। हालांकि ये स्थिति किसी पार्टी से पहले नहीं उत्पन्न हुई है। इन दिनों दिल्ली में देश में बनने वाली मशहूर बीयर ब्रांड्स की कमी हो गई है। इन दिनों लोगों को बार, रेस्टोरेंट या सरकारी दुकानों में भी बीयर नहीं मिल रही है। दिल्ली में कई मशहूर ब्रांड्स की बीयर की किल्लत हो गई है। इस कमी के पीछे का कारण भी सामने आया है। इन दिनों दिल्ली के बाजार में भूटान और नेपाल में बनी बीयर ज्यादा दिख रही है।

यात्रियों को पसंद आया अहमदाबाद एयरपोर्ट

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

गुजरात के अहमदाबाद में स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लोगों का काफी प्यार मिल रहा है। इस एयरपोर्ट में हाल ही में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान काफी अधिक यात्रियों ने उपयोग किया है। इस दौरान 1.34 करोड़ यात्रियों ने इस एयरपोर्ट का इस्तेमाल किया है।

बता दें कि बीते वर्ष अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 1.16 करोड़ यात्रियों का आना हुआ था। इस वर्ष यात्रियों की संख्या में 14.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। एयरपोर्ट के संचालक ने ये जानकारी साझा की है। सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन करने वाली अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने ये आंकड़ा साझा किया है। अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की मानें तो यह विकास पथ एक गंतव्य और महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में अहमदाबाद के महत्व को बताता है। विवरण से पता चलता है कि घरेलू क्षेत्र मजबूत है, जिसमें 11 मिलियन से अधिक घरेलू यात्री और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई है। अडानी समूह अहमदाबाद हवाई अड्डे का मालिक है, जो निरंतर विकास की राह पर अग्रसर है। यह बुनियादी ढांचे और तकनीकी क्षमताओं को बढ़ा रहा है, जिससे अहमदाबाद तेजी से विकसित हो रहे विमानन केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में अहमदाबाद में कई विश्व स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे यात्रा अवधि में वृद्धि हुई। 25 जनवरी, 2025 को, हवाई अड्डे ने अपने अब तक के सबसे अधिक यात्री और विमान यातायात की आवाजाही दर्ज की, जिसमें 48,137 यात्रियों और 351 विमानों की आवाजाही हुई। यह शिखर 20 नवंबर 2023 को 42,224 यात्रियों और 328 विमानों की आवाजाही के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया। अहमदाबाद हवाई अड्डा वर्तमान में प्रतिदिन 36,800 से अधिक यात्रियों को सेवा प्रदान करता है, जिसमें चार्टर आवाजाही सहित औसतन 288 उड़ानें शामिल हैं, और अहमदाबाद को 48 से अधिक घरेलू और 16 अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों से जोड़ता है। हवाई अड्डा संचालक के अनुसार, अहमदाबाद के ऊपर का आसमान भी काफी व्यस्त हो गया है, तथा पिछले वित्त वर्ष में हवाई यातायात में उल्लेखनीय 16.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2024-25 में हवाई अड्डे पर 101,119 विमानों का आवागमन होगा, जो 2023-24 की 87,025 आवाजाही से काफी अधिक है। हवाईअड्डा संचालक ने अपने बयान में कहा, 'यह बढ़ी हुई परिचालन क्षमता रणनीतिक बुनियादी ढांचे में निवेश का प्रत्यक्ष परिणाम है।

हमारा स्वराज
इंदौर, बुधवार, 14 मई 2025

बिना वैध कागजात के ट्राला चलाने पर कार्रवाई

चालक और मालिक पर न्यायालय ने लगाया 29,500 रुपए का जुर्माना, वाहन जब्त

हमारा स्वराज। अशोकनगर

अशोकनगर में पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देश पर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यातायात निरीक्षक स्नेहा ठाकुर ने शहर में एक ट्राला (MP 08 HA 0127) को रोककर जांच की। जांच में पाया गया कि चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था।

वाहन के दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। ट्राले का फिटनेस सर्टिफिकेट 2018 में, परमिट 2017 में और बीमा 2021 में समाप्त हो चुका था। वाहन का रजिस्ट्रेशन भी 2021 से अपडेट नहीं था। इतना ही नहीं, मालिक 2018 से बिना फिटनेस के वाहन का व्यावसायिक उपयोग कर रहा था। यातायात पुलिस ने मौके पर ही वाहन को जब्त कर लिया। न्यायालय ने वाहन मालिक और चालक दोनों पर कुल 29,500 का जुर्माना लगाया। यातायात पुलिस की कार्रवाई जारी है। पिछले दो दिनों में 55 वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गई है, जिनसे 25,900 का जुर्माना वसूला गया है।

60 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हमारा स्वराज। खनियाधाना

एसपी शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशों के पालन में, जिले में अवैध मादक पदार्थों और अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत खनियांधाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एस.डी.ओ.पी. पिछोर के मार्गदर्शन में, खनियांधाना पुलिस ने कल रात मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पनिहारा गांव के पास से 60 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जब्त की और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर ने सूचना दी थी कि कंजर डेरा के पीछे पनिहारा गांव में एक व्यक्ति दो कैनों में अवैध शराब लेकर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम धर्म सिंह यादव पुत्र रामराजा यादव (उम्र 35 वर्ष, निवासी क्रेशर के पीछे ग्राम पनिहारा) बताया। पुलिस ने जब उसके पास रखी प्लास्टिक की दो कट्टियों की तलाशी ली, तो उनमें 30-30 लीटर (कुल 60 लीटर) हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब भरी हुई पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 12000 रुपये है। आरोपी धर्मसिंह यादव शराब रखने और बेचने के संबंध में कोई वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका। मौके पर ही पंचों के समक्ष दोनों कट्टियों को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत विधिवत जब्त कर लिया गया और आरोपी धर्मसिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 224/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गंभीर वारदात की फिराक में घूम रहा आरोपी देशी कट्टे और जिंदा राउंड के साथ गिरफ्तार

खनियांधाना (हमारा स्वराज)। खनियांधाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जो गंभीर वारदात को अंजाम देने की नीयत से अवैध हथियार लेकर घूम रहा था। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार जिले में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता मिली है। पिछोर अनुभाग के एस.डी.ओ.पी. के मार्गदर्शन में, खनियांधाना पुलिस को 12 मई, 2025 की शाम मुखबिर से सूचना मिली कि चर्च के पास मुसाव मोहल्ला में एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के व्यक्ति को देखा। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने वाले इस व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अवधेश पुत्र कोमल रजक (उम्र 25 वर्ष), निवासी कारस देव मोहल्ला, थाना खनियांधाना, जिला शिवपुरी बताया। तलाशी के दौरान अवधेश रजक के कब्जे से कमर में छिपा हुआ एक 315 बोर का देशी कट्टा और उसकी जेब से एक जिंदा राउंड बरामद हुआ। जब उससे हथियार रखने का लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी अवधेश रजक के विरुद्ध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बरामद किए गए कट्टे और जिंदा राउंड को जब्त कर लिया गया है और मामले की विवेचना जारी है। इस कार्यवाही में निरीक्षक सुरेश शर्मा, सउनि रामसिंह भिलाला, आरक्षक देवेश, आरक्षक जयवीर, आरक्षक बलराम और आरक्षक हेमसिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

चंदेरी के पूर्व विधायक डग्गी राजा गिरफ्तार

शिवपुरी जिले में की गई गिरफ्तारी, एमपी-एमएलए कोर्ट में किया गया पेश

हमारा स्वराज। अशोकनगर

चंदेरी के पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान (डग्गी राजा) को पुलिस ने शिवपुरी जिले में गिरफ्तार किया है। डग्गी राजा पर यादव समाज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। अशोकनगर पुलिस के मुताबिक एक दिन पहले 12 मई को नारायण सिंह यादव पुत्र स्व. लाल सिंह यादव निवासी पुरानी कचहरी चंदेरी ने पूर्व विधायक गोपाल सिंह उर्फ डग्गी राजा के खिलाफ समाज विशेष पर की गई अर्नगल टिप्पणी को लेकर एफआईआर दर्ज कराई थी। चंदेरी पुलिस ने डग्गी राजा के खिलाफ बीएनएस की धारा 196 के तहत अपराध क्रमांक 251/25 दर्ज किया है। इस मामले में अशोकनगर एसपी विनीत कुमार जैन ने तुरंत चंदेरी थाना प्रभारी को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पुलिस के मुताबिक अपराध दर्ज होने के बाद चंदेरी पुलिस द्वारा डग्गी राजा पर लगातार निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि डग्गी राजा शिवपुरी की तरफ जा रहे हैं। पुलिस द्वारा लगातार पीछा कर शिवपुरी जिले के बामौरकला थाना अंतर्गत ग्राम भरसूला में डग्गी राजा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश करने के लिए ग्वालियर भेजा गया है।

पुलिस ने कहा, डग्गी राजा पर 10 अपराध दर्ज

अशोकनगर पुलिस के मुताबिक पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान उर्फ डग्गी राजा पर पहले से ही 10 अपराध दर्ज हैं। हाल ही में एक एक सप्ताह पहले भी चंदेरी थाने में उनके खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

जहर लेकर जनसुनवाई में पहुंचा युवक

हमारा स्वराज। गुना

कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान एक युवक थैले में जहर की शीशी लेकर पहुंच गया। अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया तो युवक ने हंगामा कर दिया। तहसीलदार और पुलिस अधिकारी युवक को कलेक्ट्रेट परिसर में ही स्थित जिला शहरी अभिकरण कार्यालय में ले गए जहां समझाइश दी। इसके बावजूद युवक नहीं माना और कलेक्ट्रेट में हंगामा करता रहा। अंत में कैंट पुलिस युवक को जीप में बैठाकर थाने ले गई है। इस मामले में गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने दावा किया है कि युवक को किसी के द्वारा भड़काया गया है, इसकी जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई जारी थी। इसी दौरान लगभग 12 बजे आरोन तहसील के ग्राम उरझनयाई निवासी कृष्णपाल सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह यादव एक थैला लेकर पहुंच गया। युवक पर अधिकारियों को संदेह हुआ। इसलिए उसकी तलाशी ली गई। इसपर युवक विरोध जताने लगा। तभी जनसुनवाई कक्ष में मौजूद तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा बाहर आ गए और युवक से बातचीत करने लगे।

मामले की संवेदनशील और युवक के रवैये को देखकर पुलिस और अधिकारी उसे कलेक्ट्रेट परिसर में ही स्थित जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय में ले गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर बाद युवक बाहर आया तब उसे शर्ट के बटन खुले हुए थे।

युवक चिल्ला रहा था और अधिकारियों पर झूमाझटकी व अभद्रता करने का आरोप लगाने लगा। उसने बताया कि वह अपने जमीनी विवाद से जुड़ी समस्या लेकर आया था। लेकिन उसकी सुनवाई करने की बजाए गलत बर्ताव किया गया। आवेदक कृष्णपाल यादव ने बताया कि उरझनयाई गांव में मैन रोड पर उसकी जमीन थी। जिसे पटवारी और राजस्व अधिकारियों ने मिलीभगत कर एक खेत पीछे दर्शा दिया और कुछ दबंगों व प्रभावशाली लोगों की शह पर गलत सीमांकन भी कर दिया है। वह अपनी जमीन को दुरुस्त कराना चाहता है। उसके साथ धोखाधड़ी हो रही है। उसने आरोन तहसील में कई आवेदन दिए, एसडीएम से भी शिकायत की। लेकिन सुनवाई नहीं की गई।

गुना कलेक्टर ने कहा-किसी ने भड़काया है

गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा आरोन का मामला है। जिसको लेकर एक व्यक्ति जनसुनवाई में आया था। किसी पत्रकार ने ही अधिकारियों को बताया कि उसके थैले में कोई नुकसान पहुंचाने वाली दवा है, जिसे युवक पी सकता है। तहसीलदार और एसडीएम ने बुलाकर एक अलग कमरे में चर्चा की। यह भी जानकारी मिली थी कि उसे किसी वकील और पत्रकार ने उसे उकसाने का प्रयास किया था यह वस्तु लेकर जाओ तहसीलदार और एसडीएम बातचीत कर रहे थे। वहां संबंधित थाना प्रभारी को भी बुलाया गया था। उससे पूछा जा रहा था कि किसने उसे उकसाया। कौन चाह रहा था कि जिले की कानून व्यवस्था बिगड़े? जनसुनवाई में अच्छे तरीके से अपनी बात कहना चाहिए। यह सही है कि जेब में कोई दवा लेकर आएं और खा लें, जिससे हालात बिगड़ जाएं। हम चाहते हैं कि प्रकरणों का निराकरण तुरंत हो। कई बार कोर्ट केस का मामला आ जाता है, कई चीजें सामने आती हैं। आने वाले समय कुछ ऐसा न हो कि कोई व्यक्ति गलत कदम उठा ले।

रेडक्रॉस सोसायटी ने आदिवासी बस्ती में लगाया शिविर, दवाएं बांटी

हमारा स्वराज। अशोकनगर

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सेवा सप्ताह के तहत आदिवासी बस्ती गोराघाट पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें 140 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच की गई और 90 मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं। 15 किशोरी बालिकाओं को आयरन कैल्शियम की दवाई दी गई। 5 गर्भवती माता को आयरन कैल्शियम की दवाई दी गई। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. संदीप जैन, डॉ. आरूषि रघुवंशी ने किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश प्रतिनिधि और शिविर प्रभारी संजय रघुवंशी ने संचालन किया। प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. जय मंडल सिंह यादव, राजीव जाट, चेयरमैन दीपक मिश्रा, वायस चेयरमैन डॉ. हरवीर रघुवंशी, हरिओम शर्मा छैलाई, डॉ. राजकुमार शर्मा, आनंद मोहन दुबे, डॉ. इरफान खान, गिरजेश भार्गव, धर्मेन्द्र रघुवंशी, अरविंद मालवीय आदि प्रमुख उपस्थित थे। सेवा सप्ताह के तहत 14 मई को सुबह 10 पॉलिटेक्निक कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शाम 4 बजे रक्तदाता समितियां का होगा। रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन दीपक मिश्रा ने रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील की है।

खूनी हाइवे पर 24 घंटों में दो हादसे, 3 घायल

हमारा स्वराज। गुना

खूनी हाइवे के नाम से चर्चित होते जा रहे गुना-म्याना हाइवे पर बीते 24 घंटों में दो बड़े हादसे हुए हैं। बीती रात हुई एक दुर्घटना में ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इस हादसे में दो युवक घायल हो गए। वहीं मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने बाईक सवार को रौंद दिया। हादसे में बाईक का चालक गंभीर रूप से जख्मी है।

जानकारी सामने आई है कि बीती रात लगभग 1 बजे म्याना चौराहा स्थित वैष्णवी होटल के पास ट्रक क्रमांक आरजे 32 जीसी 6612 और एक कार क्रमांक एमपी 08 सीए 9870 की आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना के समय कार में दो लोग सवार थे, जो इस भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान संजय बेलर, पिता गजानंद बेलार निवासी अन्नपूर्णा कॉलोनी गुना और विशाल चौरसिया निवासी अन्नपूर्णा कॉलोनी गुना के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार गुना की तरफ से आ रही थी और हाईवे पर गलत दिशा में जाकर रोड क्रॉस कर अपनी सही दिशा में आने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही म्याना थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों ने भी तत्परता दिखाते हुए पुलिस के साथ मिलकर कार में फंसे घायलों को बाहर निकालने में मदद की। पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने एक बार फिर खूनी हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियमों के पालन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक ने दिया 5 हजार का इनाम

नाबालिग को भगाकर ले जा रहा था युवक गिरफ्तार

हमारा स्वराज। अशोकनगर

जिले में एक नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने वाले युवक को प्रधान आरक्षक की सतर्कता से पकड़ लिया। पुलिसकर्मी की सतर्कता, जागरुकता और कर्तव्य निर्वाहन क्षमता की सराहना करते हुए एसपी अशोकनगर ने उन्हें 5 हजार रुपए के नगद पुरुस्कार से पुरुस्कृत किया है। पुलिस के मुताबिक 13 मई की दरमियानी रात में पुराना बाजार गश्त प्वाइंट पर डायल-100 वाहन में ड्यूटी पर तैनात कार्यवाहक प्रधान आरक्षक शैलेंद्र रघुवंशी (तैनाती शहर कोतवाली) द्वारा आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ की जा रही थी। इसी दौरान प्रधान आरक्षक को मोटरसाइकिल से जा रहे संदिग्ध लड़का-लड़की दिखाई दिए। प्रधान आरक्षक द्वारा उन्हें रोककर पूछताछ की गई तो मोटरसाइकिल चला रहे लड़के ने अपना नाम सोनू कुशवाह निवासी अखाई बताया तथा पीछे बैठी लड़की को शादी का प्रलोभन देने की बात स्वीकार कर ली। दस्तावेजों की जांच पर लड़की नाबालिग पाई गई। प्रधान आरक्षक द्वारा लड़का-लड़की को थाना कोतवाली अशोकनगर लाया गया। लड़की को वन स्टॉप सेंटर में दाखिल कराया गया। इसी दौरान लड़की के पिता द्वारा भी थाना कचनार में अपनी नाबालिग लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट की गई, जिस पर थाना कचनार में अपराध क्रमांक 101/2025 धारा 137 (2) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया है। कोतवाली से आरोपी को थाना कचनार के सुपुर्द कर दिया गया है। कार्यवाहक प्रधान आरक्षक शैलेंद्र रघुवंशी, थाना कोतवाली अशोकनगर द्वारा रात्रि गश्त ड्यूटी के दौरान सजगता एवं सतर्कता के साथ अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वाहन किया जाकर अत्यंत ही सराहनीय कार्य किया। इसलिए प्रधान आरक्षक शैलेंद्र रघुवंशी के उत्साहवर्धन के लिए 5 हजार रुपए के नगद पुरुस्कृत से पुरुस्कृत किया गया है।

स्वामी वन टू वन मीडिया एंड कम्युनिकेशन के लिए मुद्रक/प्रकाशक जितेंद्र कोठारी द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ, सांवेर रोड, जिला-इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 219, स्कीम नंबर-134, सेक्टर-बी, स्टार चौराहा के पास, जिला इंदौर (म.प्र.) 452010 से प्रकाशित । संपादक- मृदुल जैन*। स्थानीय सम्पादक - विकास सिंह चौहान। आरएनआई नं. MPHIN/2016/66974, मो. 83570-89000, Email-hamara.swaraj@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार।